RNI-UPHIN/2009/30721




गुरुवार 25 सितंबर 2025
सुर्योदय प्रातः 06 :11 बजे
सूर्यास्त सांय 18 : 14 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 शक्ति और साहस का पर्व है नवरात्रि

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्षः 16 | अंक : 341 | गाजियाबाद, गुरुवार 25 सितंबर 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







## शब्बीर के आपराधिक मामलों की जानकारी तलब

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एनआईए से कहा कि वह आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में आरोपी कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की हिरासत से संबंधित अन्य आपराधिक मामलों की जानकारी पेश करे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि शाह के खिलाफ संभवतः 24 मामले हैं। पीठ शाह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शाह ने दिल्ली हाईकोर्ट के 12 जून के आदेश को चुनौती दी है। एनआईए की ओर से पेश वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चार सितंबर को शाह की याचिका पर नोटिस जारी किया था और एजेंसी को अपना जवाबी हलफनामा दायर करने के लिए कुछ समय चाहिए। पीठ ने एनआईए को चार सप्ताह का समय दिया। पीठ ने कहा कि कृपया हमें अन्य मामलों में भी हिरासत की स्थिति बताएं। वह संभवतः 24 मामलों में मुकदमे का सामना कर रहा है। मामले की अगली सुनवाई 31 अक्टूबर को होगी।

## प्रियंका की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तराखंड में पेपर लीक की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए हैरानी जताई कि बच्चे 15 -15 घंटे तैयारी परीक्षा दे रहे हैं और सरकार में बैठे लोग 15 लाख रुपये लेकर पर्चे लीक करवा रहे है। श्रीमती वाड्रा ने एक अभ्यर्थी की पीड़ा को उधदृत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा "हम लाइब्रेरी में 15-15 घंटे पढ़ रहे हैं, ये 15-15 लाख में पेपर बेच रहे हैं" उन्होंने कहा कि यहां सवाल सिर्फ एक उम्मीदवार की पीड़ा का नहीं, उत्तराखंड समेत देश के ज्यादातर युवाओं का यही दर्द है। आज बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत जहां भी भाजपा सरकार में है, वहां बड़े पैमाने पर पेपर लीक करवाये जा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है और प्रधानमंत्री जी मूकदर्शक बने हुए हैं। गौरतलब है कि हाल में ही उत्तराखंड में कनिष्ठ पदों के लिए भर्ती की एक परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद सरकारी बाबू का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें नौकरी देने के लिए वह 15 लाख रुपए की मांग कर रहा है।

## डम्पर की चपेट में आने से चार युवकों की मौत

✷ वेबवार्ता. अलवर ✷। राजस्थान में अलवर जिले के थानागाजी उपखंड के प्रतापगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार को डम्पर की चपेट में आने से मोटर साइकिल पर सवार चार युवकों की मौत हो गयी। समीपवरी मेजोड़ गांव के बाबूलाल, मोहित, नरसी और अशोक मोटर साइकिल से सुबह आठ बजे मजदूरी पर जा रहे थे। तभी कबराला की ढाणी के समीप पत्थरों से भरे एक डंपर ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इससे चारों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद डम्पर चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद आस पास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गये और उन्होंने राश्ता अवरुद्ध करके आवागमन रोक दिया। सूचना के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया।

## ताइवान में तूफ़ान से 14 लोगों की मौत, 18 घायल

✷ वेबवार्ता. ताइपे ✷। ताइवान में तूफान रागासा के कारण बुधवार सुबह छह बजे तक 14 लोगों की मौत हो गई और 18 घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। द्वीप के आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, तूफान रागासा के कारण लगभग 100 लोग अभी भी फंसे हुए हैं और बचाव का इंतजार कर रहे हैं।

# 'बिहार से बजेगा बदलाव का बिगुल'

### मल्लिकार्जुन खरगे का मोदी सरकार पर तीखा प्रहार



मल्लिकार्जुन खरगे का मोदी सरकार पर तीखा प्रहार, 'बिहार से बजेगा बदलाव का बिगुल' पटना, 24 सितंबर (वार्ता) कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को पटना स्थित ऐतिहासिक सदाकत आश्रम में आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की विश्तारित बैठक में केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भारत आज एक गंभीर और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है, जिसकी ज़िम्मेदार केंद्र की विफल कूटनीति, लोकतंत्र पर हमले और आर्थिक नीतियों की नाकामी है।

श्री खरगे ने कहा कि, 'हम बिहार से, लोकतंत्र की जननी से, यह संकल्प दोहराते हैं कि हम संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करेंगे।' उन्होंने बताया कि 85 साल पहले रामगढ़ में संविधान सभा का पहला प्रश्ताव पारित हुआ था और आज जब वोटर लिस्ट में हेराफेरी हो रही है तो बिहार से लोकतंत्र की नई लड़ाई शुरू की जायेगी।

राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' का हवाला देते हुये खरगे ने आरोप लगाया कि देशभर में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के वोट जानबूझकर काटे जा रहे हैं, जिससे उनकी स्कॉलरशिप, पेंशन, राशन और अधिकारों की भी चोरी हो रही है।

खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की आलोचना करते हुये कहा कि, 'जिन्हें प्रधानमंत्री 'मित्र' कहते हैं, वही आज भारत को संकट में डाल रहे हैं।'

उन्होंने यह भी जोड़ा कि चीन से आयात पिछले 5 वर्षों में दोगुना हो गया है, जबकि 'स्वदेशी' की बात सिर्फ चुनावी जुमला बन गई है। देश की अर्थव्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा, 'नोटबंदी और गलत GST ने देश को मंदी में धकेल दिया। रोजगार नहीं हैं, ग्रामीण उपभोग 50 वर्षों में सबसे निचले श्तर पर है और महंगाई चरम पर है।' खरगे ने नीतीश कुमार और भाजपा की गठबंधन सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुये कहा कि, 'बिहार की बेरोजगारी दर 15% से ऊपर है, युवा पलायन कर रहे हैं और भर्ती घोटालों से वे सड़कों पर हैं। खेती तबाह है, चीनी मिलें बंद हैं, और बाढ़ प्रबंधन पूरी तरह फेल हो चुका है।' जातिगत जनगणना और आरक्षण पर बोलते हुये खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी से पूछा कि बिहार विधानसभा से पारित 65% आरक्षण को अब तक संवैधानिक सुरक्षा क्यों नहीं दी गई। उन्होंने कहा, 'जब कांग्रेस सरकार ने तमिलनाडु में 69% आरक्षण को संवैधानिक दर्जा दिया था तो बिहार में ऐसा क्यों नहीं हो रहा?'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुये खरगे बोले, 'जो जातियों के नाम पर रैलियों को रोकते हैं, उन्होंने पहले आरक्षण का विरोध किया। क्या प्रधानमंत्री जनता को बताएंगे कि जातीय न्याय के लिए आवाज उठाने वालों को जेल में क्यों डाला जा रहा है?' खरगे ने बिहार में बढ़ते अपराध, शिक्षकों की भारी कमी और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली का ज़िक्र करते हुये कहा कि आज बिहार का आम नागरिक या तो शोषण झेलता है या इलाज के लिए राज्य से बाहर जाता है। उन्होंने अपने भाषण के अंत में कहा कि, 'बिहार की जनता विकास, रोजगार, सामाजिक न्याय और सुशासन चाहती है और कांग्रेस पार्टी, अपने गठबंधन दलों के साथ मिलकर, यह सब देने को तैयार है। आगामी विधानसभा चुनाव सिर्फ बिहार नहीं, पूरे देश के लिए मील का पत्थर बनेगा। यही से मोदी सरकार की उलटी गिनती शुरू होगी।'

## फांसी न दी जा रही हो, तब मामले को तत्काल सूचीबद्ध नहीं होगा : जज सूर्यकांत

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

सुप्रीम कोर्ट के जज सूर्यकांत ने बुधवार को कहा कि वह उस समय तक किसी मामले को उसी दिन तत्काल सूचीबद्ध करने का आदेश नहीं देंगे, जब तक कि किसी को फांसी न दी जा रही हो।

इसके साथ ही उन्होंने पूछा कि क्या कोई ''न्यायाधीशों की स्थिति'' समझता है और यह जानता है कि वे कितने घंटे काम करते हैं तथा कितने घंटे सो पाते हैं। जज कांत उस पीठ का नेतृत्व कर रहे थे, जो तत्काल सुनवाई के लिए मामलों को सूचीबद्ध करने पर विचार कर रही थी। पीठ में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह भी शामिल थे।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई आमतौर पर ऐसे मामलों की सुनवाई करते हैं। वह पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ में बैठते हैं। प्रक्रिया के अनुसार यदि प्रधान न्यायाधीश किसी संवैधानिक पीठ के मामले में व्यश्त हों या अस्वस्थ हों तो दूसरे सबसे वरिष्ठ जज मामलों को सूचीबद्ध करने पर सुनवाई करते हैं।

जज कांत ने यह टिप्पणी उस समय की, जब अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने उल्लेख किया कि राजस्थान में एक आवासीय मकान की आज नीलामी होगी और इसलिए मामले को आज ही सूचीबद्ध किया जाएगा। इस पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा, ''जब तक किसी को फांसी नहीं होने वाली हो, मैं किसी भी मामले को उसी दिन सूचीबद्ध नहीं करूंगा। आप लोग न्यायाधीशों की स्थिति नहीं समझते, क्या आपको पता भी है कि वे कितने घंटे काम करते हैं और कितने घंटे सोते हैं?

## राहुल गांधी ने सीईसी से पूछा, सीआईडी को सबूत कब दे रहे



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि उनके द्वारा मामला उठाए जाने के बाद ही निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में गड़बड़ी पर रोक लगाई है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से पूछा कि वह आलंद में मतदाताओं के नाम हटाने के बारे में कर्नाटक सीआईडी को सबूत कब उपलब्ध कराएंगे।


लोकसभा में विपक्ष के नेता मीडिया में आई उन खबरों का जिक्र कर रहे थे कि निर्वाचन आयोग ने एक नया 'ई-हश्ताक्षर फीचर शुरू किया है, जिसके तहत मतदाता का नाम जोड़ने या हटाने के लिए आधार आधारित सत्यापन की आवश्यकता होगी।

राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में सीईसी से सवाल करते हुए लिखा, हमने चोरी पकड़ी तब आपको ताला लगाना याद आया, अब आरोपियों को भी पकड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'तो बताइए, सीआईडी को सबूत कब दे रहे हैं आप? राहुल गांधी ने पहले दावा किया था कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में कई वोट हटाने की कोशिश की गई थी, जिसके बाद राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने एक प्राथमिकी दर्ज की और अब जांच कर रहा है।

इससे पहले, एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने दावा किया था कि कथित तौर पर एक सॉफ्टवेयर के माध्यम से आलंद में कई वोटों को हटाने की कोशिश की गई थी, लेकिन सीआईडी ने इसका पता लगा लिया और चुनाव में धोखाधड़ी को रोक दिया। राहुल गांधी ने सीईसी से आग्रह किया था कि वह वोट धोखाधड़ी के पीछे के लोगों का ब्योरा उपलब्ध कराएं, ताकि सीआईडी दोषियों को पकड़ सके।

हालांकि, आयोग के अधिकारियों ने कहा कि सत्यापन प्रणाली आलंद विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विवाद के जवाब में शुरू नहीं की गई है जैसा कि राहुल गांधी ने कहा है।

## वायु प्रदूषण की समस्या का स्थायी समाधान जैव ईंधन : गडकरी



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली सहित देश के कई शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं, जिनमें वाहन सबसे बड़ा कारण हैं। दिल्ली के वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत योगदान वाहनों का है और इस समस्या का स्थायी समाधान केवल वैकल्पिक ईंधन यानी जैव ईंधन ही है।

गडकरी ने बुधवार को भारत जैव ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी एक्सपो के उद्घाटन समारोह में कहा कि जैव ईंधन नीति का आधार कच्चे तेल का प्रतिस्थापन, प्रदूषण मुक्त वातावरण और घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वदेशी ऊर्जा का उपयोग तीन मिशनों पर टिका है। किसी भी समाज की मजबूती के लिए अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और पर्यावरण तीन श्तंभ होते हैं। आज पूरी दुनिया पारिस्थितिकी और पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है।

\उन्होंने कहा कि कृषि को ऊर्जा और बिजली उत्पादन की ओर मोड़ना समय की मांग है, क्योंकि जीवाश्म ईंधन की तुलना में जैव ईंधन काफी सश्ता विकल्प है। भारत को इथेनॉल का अधिशेष उत्पादन निर्यात करने पर विचार करना चाहिए। हम पेट्रोलियम और वित्त मंत्रियों से इस पर चर्चा करेंगे। इथेनॉल का उत्पादन 70 प्रतिशत खाद्यान्न से हो रहा है, जो भी अधिशेष है। भारत को जैव ईंधन उत्पादन में अग्रणी बनना चाहिए।

उन्होंने सोशल मीडिया पर ई-20 और इथेनॉल कार्यक्रम के खिलाफ चल रहे अभियानों को निहित स्वार्थों का सशुल्क प्रयास बताया और कहा कि लोग सच्चाई समझते हैं। हम दिल्ली में लोगों की जीवन प्रत्याशा 10 साल बढ़ाएंगे और इसके लिए जैव ईंधन बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने उद्योग जगत से वैकल्पिक ईंधन उत्पादन के प्रयासों को जारी रखने की अपील की और भरोसा जताया कि उद्योग की मदद से भारत ऊर्जा के आयातक से निर्यातक बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करेगा।

## पीएम ने नवरात्र के तीसरे दिन देवी चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की

**एनसीआर टुडे. नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवरात्र के तीसरे दिन शांति, साहस और निर्भयता की प्रतिमूर्ति देवी चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुये लिखा, 'नवरात्र का तीसरा दिन माँ चंद्रघंटा की पूजा के लिए समर्पित है, जो शांति, वीरता और धैर्य की प्रतीक हैं। दिव्य माँ का आशीर्वाद सभी के जीवन में सकारात्मकता का संचार करे।

## ट्रम्प ने दूसरे देशों की प्रवासन और जलवायु नीतियों की आलोचना की

✷ वेबवार्ता. न्यूयार्क ✷

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने तीखे भाषण में संयुक्त राष्ट्र पर निशाना साधा और दूसरे देशों की प्रवासन एवं जलवायु नीतियों की आलोचना की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा 'खुली सीमाओं के असफल प्रयोग' को खत्म करने का वक्त आ गया है और दावा किया कि जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र की भविष्यवाणियां गलत थीं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस भाषण के बाद महासभा में हडकंप मच गया।

श्री ट्रम्प ने रूस -यूक्रेन युद्ध पर अपने रुख में भी बड़ा बदलाव किया और कहा कि यूक्रेन 'पूरे देश को उसके मूल स्वरूप में वापस जीत सकता है'।

अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि यूक्रेन, यूरोप और नाटो के समर्थन से 'उन मूल सीमाओं को वापस पा सकता है जहां से यह जंग शुरू हुयी थी'। श्री ट्रम्प ने लगभग एक घंटे तक चले भाषण में, दोहराया कि राष्ट्रपति के पद पर दोबारा आने के बाद से उन्होंने 'सात युद्ध' रोक दिए हैं, और संयुक्त राष्ट्र इसमें उनकी मदद करने में नाकामयाब रहा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के होने के मकसद पर सवाल उठाया और कहा कि यह 'अपनी क्षमता के हिसाब से काम नहीं कर रहा है'।

उन्होंने जलवायु परिवर्तन को नकारते हुए इसे 'दुनिया पर अब तक का सबसे बड़ा धोखा' बताया। उन्होंने कहा, 'सफल औद्योगिक देशों से खुद पर भारी बोझ डालने और अपने समाज को तहस-नहस करने की वैश्विक अवधारणा को खारिज करना चाहिए।'

श्री ट्रम्प ने शरणार्थियों के मसले पर भी संयुक्त राष्ट्र को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह संगठन नकद सहायता देकर 'पश्चिमी देशों पर हमले को वित्तपोषित' कर रहा है। उन्होंने यूरोप का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि वह प्रवासन को लेकर 'गंभीर संकट' में है। उन्होंने कहा, 'हम उन जगहों के लिए बड़े दिल से सोचते हैं जो संघर्ष कर रहे हैं - हमें उनके देशों में समस्या का समाधान करना होगा।'

श्री ट्रम्प ने कहा कि गाजा में युद्धविराम ज़रूरी है, लेकिन कुछ देशों के फ़िलिश्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने

## झारखंड : गुमला में जेजेएमपी के तीन नक्सली मुठभेड़ में ढेर



✷ वेबवार्ता. रांची ✷

झारखंड के गुमला जिले में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक प्रतिबंधित माओवादी समूह 'जेजेएमपी के तीन सदस्य मारे गए। मुठभेड़ स्थल से हथियार बरामद हुए हैं। इस कार्रवाई के बाद इलाके में सर्च अभियान जारी है।

महानिरीक्षक (ऑपरेशन) और झारखंड पुलिस के प्रवक्ता माइकल राज एस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी कि बिष्णुपुर थाना क्षेत्र के गांव केचकी स्थित वन क्षेत्र में जेजेएमपी संगठन के उग्रवादी इकट्ठा होकर किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं।

सूचना पर झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस सहित सुरक्षा बलों का संयुक्त दल सुबह आठ बजे मौके पर पहुंचा। इसके बाद सुरक्षाबलों और झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो हुई। मुठभेड़ में जेजेएमपी के तीन नक्सली मारे गए।

घटनास्थल से तीन हथियार भी बरामद किए गए। मारे गए माओवादियों की पहचान लोहरदगा जिले के निवासी लालू लोहारा, सुजीत उरांव तथा लातेहार निवासी छोटू उरांव के रूप में हुई है। ये तीनों लंबे समय से जेजेएमपी संगठन से जुड़े थे और गुमला, लोहरदगा समेत आसपास के इलाकों में नक्सली घटनाओं को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका निभाते थे।

मुठभेड़ के दौरान कुछ अन्य उग्रवादी मौके से भागने में सफल रहे। मुठभेड़ के बाद पूरे क्षेत्र को घेरकर पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

गुमला के एसपी हारिस बिन जमान ने बताया कि मुठभेड़ स्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में हथियार मिले हैं। इनमें एक एके-56 राइफल, एक एसएलआर तथा एक इंसास राइफल शामिल है। इतने अत्याधुनिक हथियारों के मिलना बताता है कि संगठन इलाके में बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। यह बरामदगी संगठन की नीयत और उसकी सक्रियता को उजागर करती है।

यह कार्रवाई जेजेएमपी के लिए तगड़ा झटका है और आने वाले दिनों में संगठन की गतिविधियों पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

## प्रधानमंत्री ने देशवासियों को उपहारों की ई-नीलामी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद को अलग-अलग कार्यक्रमों के दौरान मिले उपहारों की ऑनलाइन नीलामी में शामिल होने के लिए देशवासियों को आमंत्रित किया।

इस साल प्रधानमंत्री स्मृति चिन्ह ई-नीलामी का यह 7वां संस्करण है, जिसमें समृद्ध शिल्प परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े उपहार मुख्य आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कुछ उपहारों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "पिछले कुछ दिनों से, मेरे अलग-अलग कार्यक्रमों के दौरान मुझे मिले उपहारों की ऑनलाइन नीलामी चल रही है। इस नीलामी में भारत की संस्कृति और रचनात्मकता को दर्शाने वाली बेहद रोचक कृतियां शामिल हैं। नीलामी में जरूर भाग लें।"

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि नीलामी से प्राप्त धनराशि नमामि गंगा प्रोजेक्ट को दान की जाएगी। पीएम मोदी ने जिन उपहारों की तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें कई पेंटिंग, शॉल और भारतीय संस्कृति को दर्शाने वाले उपहार शामिल हैं। प्रधानमंत्री स्मृति चिन्ह ई-नीलामी का आयोजन संस्कृति मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, दिल्ली के माध्यम से किया जाता है। साल 2019 में अपनी शुरुआत से ही यह नीलामी नागरिकों को प्रधानमंत्री मोदी को भेंट किए गए स्मृति चिन्हों को खरीदने के लिए आमंत्रित करती रही है। हर साल लोक कला और हश्तशिल्प से लेकर खेल स्मृति चिन्हों तक हजारों चुनिंदा उपहारों की नीलामी की जाती है।

## कर्नाटक में खस्ताहाल सड़कों को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

**✷ वेबवार्ता. बेंगलुरु ✷ ।** कर्नाटक में विपक्षी भाजपा ने बुधवार को राजधानी बेंगलुरु समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया। इस दौरान समूचे राज्य में सड़कों की खराब स्थिति तथा गड्ढों की समस्या को लेकर प्रदेश की सिद्धरमैया सरकार पर निशाना साधा। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरु में भाजपा नेताओं ने गड्ढे भरकर प्रदर्शन किया, जबकि राज्य के कई अन्य हिस्सों में 'राश्ता रोको प्रदर्शन किए गए। लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रदर्शन किए गए। राज्य में सड़कों की स्थिति, खासकर बेंगलुरु में गड्ढों से भरी सड़कों को लेकर कांग्रेस सरकार को विभिन्न वर्गों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। बेंगलुरु में सड़कों की खराब स्थिति के लिए आलोचना झेलने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने अधिकारियों के लिए एक महीने की समय सीमा तय की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी गड्ढे भर दिए जाएं और सड़कें अच्छी स्थिति में हों। बेंगलुरु में उद्योग जगत के दिग्गजों जैसे इंफोसिस के पूर्व सीएफओ मोहनदास पई और बायोकॉन की चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ सहित कई प्रमुख लोगों ने हाल में राज्य सरकार से इस संबंध में तुरंत हश्तक्षेप करने का आग्रह किया था।

## 7 अक्टूबर को मनाई जाएगी भगवान वाल्मीकि जयंती ,8 को शोभायात्रा

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷ ।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान वाल्मीकि जी का प्रकट दिवस आगामी 07 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा। 07 अक्टूबर को विचार गोष्ठी एवं कीर्तन होगा व 08 अक्टूबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी। मौहल्ला लोहारी सराय में स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर पर वाल्मीकि समाज की एक बैठक सम्पन्न हुई,। जिसमें बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षक (अध्यापक) सूरज मचल को वाल्मीकि प्रकट दिवस कमेटी का अध्यक्ष, रोहन को कोषाध्यक्ष चुना गया,। जबकि मास्टर श्यामसुंदर वाल्मीकि एवं महेश उर्फ दारा को संयुक्त संरक्षक बनाया गया। कमेटी में मुख्य भूमिका के रूप में सभासद कपिल पवार, राजा, अश्वनी , रवि कुमार को चुना गया है। बैठक का संचालन अनूप वाल्मीकि उर्फ अन्नू अपना दल ने एवं अध्यक्षता सुंदर फौजी ने की। बैठक में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, सुंदर लाल, रमेश उर्फ मेशु, अनिल वेद, जलेश कुमार, संदीप वाल्मीकि, सुजीत ,धीरज, रुपेश, रोहित, सुनील,अरविंद, गौरव, मुकेश ,पवन, जितेंद्र, राजेंद्र सहित समाज के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## धामपुर में अव्यवस्थित ट्रैफिक व भीड़भाड़ की समस्या को लेकर हिन्दू राष्ट्र सेना ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**✷ एनसीआर टुडे. धामपुर ✷ ।** हिन्दू राष्ट्र सेना के जिला अध्यक्ष विपिन कुमार प्रजापति के नेतृत्व में संगठन ने सोमवार को जिलाधिकारी बिजनौर को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी धामपुर को सौंपा। ज्ञापन में नगर धामपुर में हो रही अव्यवस्थाओं और ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या पर तुरंत कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि रामलीला चौक धामपुर में छोटी-बड़ी सब्जी मंडी एक साथ लगने के कारण आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। इससे श्रद्धालुओं और आम जनता को आवाजाही में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। संगठन ने यह भी उल्लेख किया कि मंडी में मार्केट खरीदी-बिक्री का समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक तय है, लेकिन इसके बाद भी बाजार देर रात तक संचालित होता है, जिससे स्थिति बिगड़ती रहती है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि आने वाले नवरात्र जैसे पावन अवसरों को देखते हुए सख्त कदम उठाए जाएं।

## कक्षा 8 की छात्रा बनीं एक दिन की खंड शिक्षाअधिकारी

**✷ एनसीआर टुडे. चांदपुर ✷ ।** चांदपुर में कश्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इस्माइलपुर की कक्षा 8 की छात्रा खुशबू को एक दिन के लिए जलीलपुर की खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। 23 सितंबर को खुशबू ने इस पद का कार्यभार संभाला। ग्राम दरबड़ निवासी राजेश सिंह की पुत्री खुशबू एक प्रतिभाशाली छात्रा हैं। वह न केवल पढ़ाई में अच्छी हैं, बल्कि खेलकूद में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। खो-खो, लंबी कूद, ऊंची कूद और दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। विद्यालय में खुशबू की उपस्थिति 95 प्रतिशत से अधिक रही है। खान एकेडमी की कक्षाओं में भी वह नियमित रूप से भाग लेती हैं। एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए और विभिन्न परिस्थितियों का कुशलतापूर्वक समाधान किया।

# पाक युद्ध में लड़ा सैनिक, फिर बिना पेंशन के कर दिया बाहर

### 57 साल बाद विधवा पत्नी को मिला न्याय



**चंडीगढ़, एजेंसी।** लगभग 57 साल बाद, सशस्त्र बल न्यायाधिकरण ने एक ऐतिहासिक फैसले में लांस नायक उमरावत सिंह की विधवा चंद्र पती को 1968 से इनवैलिड पेंशन और 2011 से पारिवारिक पेंशन के बकाया राशि का हकदार ठहराया है। चंडीगढ़ बेंच के जस्टिस सुधीर मित्तल (न्यायिक सदस्य) और लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह (प्रशासनिक सदस्य) की खंडपीठ ने यह आदेश चंद्र पती द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई के बाद पारित किया। सरकार को तीन महीने के भीतर सभी लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, लांस नायक उमरावत सिंह 12 सितंबर 1961 को पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में सेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध में उत्कृष्ट सेवा दी और इसके लिए उन्हें समर सेवा स्टार-65 से सम्मानित किया गया। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लंबे समय तक तैनाती के कारण उन्हें गंभीर मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप उनको स्किजोफ्रेनिक रिएक्शन डायग्नोस हुआ।

17 दिसंबर 1968 को सात साल और तीन महीने की सेवा के बाद उन्हें चिकित्सीय आधार पर सेना से बाहर कर दिया गया। उनकी अक्षमता पेंशन की मांग को खारिज कर दिया गया था। बाद में, उमरावत सिंह 1972 में डिफेंस सिक्योरिटी कॉर्प्स में शामिल हुए, लेकिन कुछ महीनों के भीतर ही उन्हें वहां से भी डिस्चार्ज कर दिया गया। उनका निधन 31 जनवरी 2011 को हो गया।

उनकी विधवा चंद्र पती ने 2018 में सशस्त्र बल न्यायाधिकरण का रुख किया और अपने पति के लिए 1968 से अवैध/अक्षमता पेंशन और फरवरी 2011 से पारिवारिक पेंशन के बकाया राशि की मांग की।

### हम किसी टापू में नहीं बसे कि जाति को नजरअंदाज कर दें

# जातीय गणना पर हाई कोर्ट में बहस

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार की ओर से जातिगत जनगणना कराई जा रही है, जिसके खिलाफ हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है। मंगलवार को इस याचिका पर सुनवाई का दूसरा दिन था और इस दौरान दिलचस्प दलीलें देखने को मिलीं। कर्नाटक सरकार की ओर से जातीय जनगणना का यह कहते हुए विरोध हो रहा है कि इसका राजनीतिक इस्तेमाल करने की तैयारी है। इसके अलावा एक बार जातीय गणना होने के बाद दोबारा फिर इसकी क्या जरूरत है, यह सवाल भी उठाया जा रहा है। इसी को लेकर कर्नाटक हाई कोर्ट में मंगलवार को दिलचस्प बहस देखने को मिली।

अभिषेक मनु सिंघवी ने कर्नाटक सरकार की ओर से दलीलें देते हुए कहा, हमारे देश में जाति है और वह अलग-अलग वर्गों का निर्धारण करती है। हम एकांत में या फिर किसी टापू में रहकर तो उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व और सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है कि सरकार के पास पूरा डेटा हो। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि सरकार इस डेटा का इस्तेमाल राजनीतिक हितों के लिए करेगी। उन्होंने सवाल किया कि आखिर समाज के लिए बिना कोई डेटा जुटाए कैसे सही योजनाएं बनाई जा सकती हैं।



## अगर आजम खान सपा छोड़कर चले भी गए तो उसका बहुत असर नहीं होगा: एसटी हसन



**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के बेल पर जेल से निकलने के बाद सबकी नजर उनकी राजनीतिक खुशहाली पर टिकी है कि वो अखिलेश यादव के साथ सपा में ही रहेंगे या अटकलों के मुताबिक 9 अक्टूबर को मायावती की बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो जाएंगे या किसी और दल का दामन थामेंगे। अटकलों के बीच सपा नेता और मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन ने कहा है कि अगर आजम सपा छोड़कर चले भी गए तो मुसलमान वोट नहीं बंटेगा, क्योंकि उत्तर प्रदेश के मुस्लिम अखिलेश यादव के साथ हैं। हसन का 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट कट गया था और उसके पीछे आजम का हाथ माना जाता है। अटकलों के मुताबिक आजम खान के बसपा में चले जाने से मुसलमान वोटों पर संभावित असर के सवाल पर एसटी हसन ने पत्रकारों से कहा कि आजम खान बड़े नेता हैं, लेकिन बहुत ज्यादा असर नहीं होगा। हसन ने कहा- आज उत्तर प्रदेश का मुसलमान मुलायम सिंह और अखिलेश यादव से जुड़ा हुआ है। पिछले चुनाव में भी आपने नतीजों को देखा होगा। थोड़ा-बहुत जाहिर है पड़ेगा, बड़े नेता हैं, लेकिन बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। आजम खान से रिश्तों में आई तल्खी को एसटी हसन ने नहीं छुपाया और कहा कि उनका हुक्म होगा तो वो उनसे मिलने जरूर जाएंगे। एसटी हसन ने कहा- वो बहुत बड़े नेता हैं। मुझ जैसे तो उन्होंने बहुत बना दिए। सपा की बुनियाद में उनकी मेहनत लगी है। आपको सबको मालूम है जो मेरे साथ हुआ था। बगैर खता के मुझे सजा मिली। अब मेरा दिल नहीं चाहता वहां जाने के लिए। ये तो वक्त ही बताएंगे, मिलने जाऊंगा या नहीं जाऊंगा। उनका हुक्म होगा तो जरूर जाऊंगा। एसटी हसन ने कहा कि आजम खान पैदाइशी समाजवादी इंसान हैं और वो सपा को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। बसपा में जाने की बात सिर्फ अफवाह है। वो समाजवादी पार्टी में रहकर इसे और मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने जमानत देकर इंसाफ किया है और उम्मीद है कि जब फैसले आएंगे, तब भी आजम के साथ साथ इंसाफ होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि आजम को फंसाने के लिए उन पर फर्जी मुकदमे लगाए गए हैं।

# बिहार चुनाव से पहले हरियाणा में कांग्रेस करेगी बड़ा फेरबदल

### जल्द होगा नए प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में 2024 के विधानसभा चुनाव में करारी हार मिलने के बाद कांग्रेस राज्य में बड़े स्तर पर बदलाव करने जा रही है। विधायक दल के नेता और प्रदेश अध्यक्ष के नामों की जल्द घोषणा हो सकती है। जानकारी के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को एक बार फिर विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है। इससे पहले विधायक दल का नेता ना चुनने को लेकर भाजपा कांग्रेस पर लगातार हमलावर थी। हालांकि इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही विधानसभा सदन में अनौपचारिक रूप से यह भूमिका निभाते आ रहे थे। इस बीच विधायक दल के नेता का पद हुड्डा खेमे को मिलने की संभावना के बाद हुड्डा खेमे ने प्रदेश अध्यक्ष के पद पर अपनी दावेदारी छोड़ दी है। वहीं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र हरियाणा कांग्रेस के नए अध्यक्ष बन सकते हैं। कांग्रेस की ओर से कराए गए आंतरिक सर्वे में प्रदेश अध्यक्ष के लिए पूर्व मंत्री राव नरेंद्र का नाम सबसे आगे है।

### राव को रणदीप सुरजेवाला का समर्थन

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अहीर समुदाय से हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बनाएगी। पार्टी प्रभारी की तरफ से आलाकमान को तीन नामों का एक पैनल भेजा गया है। इसमें तीन नामों की सूची आलाकमान को दी गई है। इसमें राव नरेंद्र सिंह, राव दान सिंह और कांग्रेस के अति पिछड़ा वर्ग विभाग के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव के नाम शामिल हैं। इन तीन नामों में राव नरेंद्र सिंह का नाम सबसे ऊपर है। उन्हें कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला का समर्थन हासिल है। वहीं हुड्डा सरकार में मंत्री रहने की वजह से भूपेंद्र हुड्डा समेत उनके तत्कालीन सहयोगी मंत्रियों और विधायकों को भी राव नरेंद्र सिंह के नाम पर ज्यादा आपत्ति नहीं है। स्वराज आंदोलन के प्रमुख नेता योगेंद्र यादव ने भी राव नरेंद्र के नाम की सिफारिश राहुल गांधी के सामने की है।

# जीएसटी रिफॉर्म पर भाजपा नेता हुए की जनता से रूबरू

**✷ एनसीआर टुडे. मथुरा ✷**

जिला भाजपा नेताओं ने आज शहर के लोगों से घर जाकर और बाजारों में जनता एवं व्यापारियों से मुलाकात की और केंद्र की नीतियों को लेकर उनसे विचार विमर्श किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से व्यापारी वर्ग एवं मध्यम वर्ग बेहद खुश है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप गोस्वामी एवं महानगर उपाध्यक्ष श्याम सिंघल के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने आज मध्यम वर्ग के लोगों के घर एवं बाजार में जाकर के व्यापारी वर्ग एवं मध्यम वर्ग के लोगों से मुलाकात की और जीएसटी रिफॉर्म के बारे में सरकार की नीतियों के बारे में पूछा तो जनता ने कहा ये बहुत अच्छा हुआ।

भाजपा नेता श्री गोस्वामी एवं श्री सिंघल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी के रिफॉर्म के चलते माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत वासियों को मध्यम आय वर्ग के लोगों को जो महंगाई में राहत देने के का कार्य किया गया है।



उसी संबंध में आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मथुरा जनपद के सभी बाजारों में दुकानदारों महिलाओं व्यापारियों, से बात करने के लिए निकले और उनसे बात करने के बाद जानने की कोशिश की की वाश्तविकता में जीएसटी रिफॉर्म के बाद बाजार में किस प्रकार का माहौल है।


जीएसटी को कम करने के बाद आम ग्राहकों को उसका लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप गोस्वामी, महानगर उपाध्यक्ष श्याम सिंघल चिंता हरण चतुर्वेदी, महानगर मंत्री मलय राठौर ने गोविंद नगर /कृष्ण नगर क्षेत्र में व्यापारियों से जीएसटी रिफॉर्म पर वार्ता की।

सभी व्यापारियों ने, महिलाओं ने मोदी जी की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इस जीएसटी के स्लेव को कम करने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही जिस प्रकार से जीएसटी का सरलीकरण किया गया है उस पर दुकानदारों ने आम ग्राहकों ने संतुष्टि जाहिर की।

त्योहार के अवसर पर महिलाओं की खुशी देखने लायक थी आम जनता इस रिफॉर्म से बेहद खुश है।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आने वाले समय पर भी लगातार जनता एवं व्यापारियों महिलाओंआम नागरिकों के बीच संपर्क में रहते हुए जीएसटी का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले इसके लिए निरंतर संपर्क व्यापारियों से करते रहेंगे।

# ग्रेटर नोएडा की सड़कें होंगी जगमग, लगेंगी विदेशों जैसी शानदार स्ट्रीट लाइट



**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चार मूर्ति/गौड़ चौक से तिगरी गोलचक्कर और ऐस सिटी से खैरपुर गोलचक्कर तक स्ट्रीट लाइट के आकर्षक खंभे लगाए जाएंगे। इन कोनिकल आर्च खंभों की लंबाई कम होने की वजह से सड़क पर अधिक उजाला रहता है।

प्राधिकरण के अधिकारी के चार मूर्ति/गौड़ चौक से तिगरी गोलचक्कर तक दो किलोमीटर लंबी सड़क पर 276 स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। शहर में पहली बार इस तरह के आकर्षक खंभे लगाए जाने की तैयारी है। इनकी लंबाई नौ मीटर होगी। वहीं, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ही ऐस सिटी/चौगानपुर गोलचक्कर से 130 मीटर सड़क को जोड़ने के लिए खैरपुर गोलचक्कर तक बनाई जा रही 80 मीटर चौड़ी सड़क को जगमग करने के लिए 334 स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। यहां लगाए जाने वाले कोनिकल आर्च पोल की लंबाई सात मीटर रखी गई है। इधर से हाइटेंशन लाइट गुजर रही है, ऐसे में कम लंबाई के खंभे लगाने का निर्णय लिया गया है। पोल की लंबाई कम होने से स्ट्रीट लाइट के पेड़ों की टहनियों के बीच में आकर ढकने की समस्या भी दूर हो जाएगी।

प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक अश्विनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों मार्गों पर लगाई जाने वाली स्ट्रीट लाइट पर आने वाले खर्च का आकलन किया जा रहा है। लगभग पांच करोड़ रुपये का खर्च आएगा।नविदा की प्रक्रिया पूरी कर एक माह में काम शुरू

## गुरुग्राम नगर निगम बनाएगा 20 ईवी चार्जिंग स्टेशन, लैंड सर्वे शुरू; 1 लाख गाड़ियों को राहत

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने और प्रदूषण को कम करने के लिए नगर निगम बड़ा कदम उठाने जा रहा है। निगम ने शहर में 20 जगहों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई है। यह पहली बार है जब निगम अपने स्तर पर ऐसे चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगा। इससे शहर में मौजूद करीब एक लाख ईवी वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इसको लेकर निगम ने जमीन को लेकर सर्वेक्षण का काम शुरू कर दिया है। बता दें कि शहर में लगातार इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की संख्या बढ़ रही है। शहर में फिलहाल 15 जगहों पर निजी लोगों ने अपने पेट्रोल पंप या होटल आदि के बार ईवी स्टेशन स्थापित किए हुए हैं।



# ताज एक्सप्रेस का बदलेगा रूट

### 25 नवंबर से 8 जनवरी तक नहीं जाएगी झांसी




**आगरा, एजेंसी।** यूपी के आगरा में वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं.-3 पर वॉशेबल एप्रेन को हटाकर नई गिट्टी रहित पटरी बिछाने का काम होना है। काम के चलते रेलवे ने 25 नवंबर से 8 जनवरी तक विभिन्न ट्रेनों को निरस्त, मार्ग परिवर्तन, शॉर्ट टर्मिनेट करने की घोषणा की है। आगरा रेल मंडल की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि 11901 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-आगरा कैंट पैसेंजर 26 नवंबर से नौ जनवरी तक, 11902 आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पैसेंजर 25 नवंबर से 8 जनवरी तक, हुबली-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 24 नवंबर से 5 जनवरी तक, योगनगरी ऋषिकेश-हुबली एक्सप्रेस 27 नवंबर से 8 जनवरी तक निरस्त रहेंगी।

इसके साथ ही हरिद्वार-लोकमान्य तिलट टर्मिनस एक्सप्रेस 28 नवंबर से 6 जनवरी तक मथुरा-बयाना-सोगरिया-बीना के रास्ते, कालका-साईं नगर शिरडी एक्सप्रेस 27 नवंबर से 4 जनवरी तक मथुरा-बयाना-सोगरिया-बीना के रास्ते, दिल्ली सराय रोहिल्ला-यशवंतपुर एक्सप्रेस 1 दिसंबर से 5 जनवरी तक मथुरा-बयाना-सोगरिया-बीना के रास्ते, हजरत निजामुद्दीन-नांदेड़ एक्सप्रेस 26 नवंबर से 7 जनवरी तक मथुरा-बयाना-सोगरिया-बीना के रास्ते, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-कन्याकुमारी एक्सप्रेस 24 नवंबर से 5 जनवरी तक मथुरा-बयाना-सोगरिया-बीना के रास्ते चलेगी।

## कृषकों को मिले उर्वरक व पर्याप्त विद्युत आपूर्ति: DM

**✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷**

जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषक बन्धु उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम केवीके छेरत के वैज्ञानिकों ने रबी की मुख्य फसल गेहूँ, सरसों एवं आलू की बुआई, तकनीक एवं प्रबंधन पर विश्तार से जानकारी दी और कृषकों की समस्याओं का समाधान किया। जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तौमर ने कृषकों को आलू बीज की बुकिंग 30 सितम्बर तक एवं हाईटेक नर्सरी से पौध तैयार कराने की जानकारी दी।

कृषकों द्वारा धान की सरकारी खरीद के लिए कांटे लगाने की मांग पर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने अवगत कराया कि 01 अक्टूबर से जिले में 14 केन्द्रों पर धान की खरीद प्रारम्भ कर दी जायेगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालन से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी और निराश्रित गौवंशों को गौशाला तक पहुंचाने के लिए नजदीकी पशु चिकित्सक, खण्ड विकास अधिकारी या उनके मोबाईल नम्बर (9936100914) पर सूचना देने की अपील की।

उप कृषि निदेशक ने कृषकों से धान की कटाई केवल सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगी कंबाइन मशीन से कराने की अपील की और बिना इस प्रणाली वाली मशीन पाये जाने पर उन्हें तत्काल सीज करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कृषकों से पराली न जलाने का भी अनुरोध किया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है।

## बाइक खड़ी करने को लेकर दो भाइयों के साथ मारपीट, पांच FIR दर्ज

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की पंचवटी कॉलोनी में बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष के पांच लोगों ने दूसरे पक्ष के दो भाइयों के साथ डंडे से मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की पंचवटी कॉलोनी में रोहित रविवार शाम अपने छोटे भाई राहुल के साथ घर के दरवाजे पर बैठे थे। उनकी बाइक गली में खड़ी थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले सोकेंद्र और जोगिंद्र उनके पास पहुंचे। यहां रोहित से गली में बाइक खड़ी करने को लेकर कहासुनी हुई। आरोप है कि जोगिंद्र ने फोन कर घर से बेटे गौरव, डुग्गू और मैनपाल को बुला लिया, जिसके बाद पांचों ने लाठी डंडे से दोनों भाइयों के साथ मारपीट की। दोनों को गंभीर चोट आई है। सीओ अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## शौचालय जाते समय महिला से छेड़छाड़, मेडिकल कराने गई तो हुई गाली-गलौज

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷। जनपद के मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद बालावाली इलाके से सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक महिला ने आरोप लगाया है कि शौचालय जाते समय गांव का एक दबंग युवक उससे छेड़छाड़ करने लगा। महिला के अनुसार जब वह इस मामले की शिकायत लेकर जिला अस्पताल में मेडिकल कराने पहुंची।, तो वहां भी आरोपी ने उसे गाली-गलौच और धमकी दी। पीड़िता ने एसपी ऑफिस पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दी और न्याय की गुहार लगाई। महिला का कहना है कि आरोपी आए दिन उसे डराने-धमकाने का काम करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## जिला जज के साथ डीएम, एसपी ने किया जेल का आकस्मिक निरीक्षण

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷। बुधवार अपराह्न जनपद न्यायाधीश संजय कुमार, जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा जनपद बिजनौर द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार बिजनौर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त रूप से कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का विश्तृत मुआयना किया गया। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान महिला कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर उनके द्वारा भोजन सहित सभी सुविधाएं मानक के अनुसार उपलब्ध होना बताया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अदिति श्रीवाश्तव, जेलर सहित अन्य न्यायिक, पुलिस एवं जेल अधिकारी मौजूद थे।

## गोल्डन रोज पब्लिक हाई स्कूल के बच्चो ने तंबाकू निषेध पर जनजागरूक रैली निकाली

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷। नगीना क्षेत्र के गांव रसूलपुर मुज़फ़्फ़र में जन जागरूक करने के उद्देश्य से गोल्डन रोज पब्लिक हाई स्कूल के बच्चो द्वारा तंबाकू निषेध पर जनजागरूक रैली का आयोजन किया गया ।इस रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामो के बारे में जागरूक किया गया ।विद्यालय के प्रबंधक सुजाऊद्दीन व प्रधानाचार्यपुनीत कुमार एवं अतिथि गणआबिद खानमोहम्मद शाहिदइदरीश खान के नेतृत्व मेंसैकड़ोछात्र छात्राओं ने हाथों में तख्तिया व बैनर लेकर नारे लगाए तथा लोगों को किसी भी तहर का नशा एवं तंबाकू को छोड़ने के लिए प्रेरित किया तथा स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुजाऊद्दीन व प्रधानाचार्य पुनीत कुमार ने कहा कि विद्यालय में इस तरह का कार्यक्रम समय-समय पर किया जाना चाहिए। जिससे विद्यार्थियों तथा समाज के लोगों में जागरूकता का संचार हो सके । हमारा गाँव व ही नही पूरे भारत देश में स्वस्थ समाज तथा नशा मुक्त समाज की स्थापना की जा सके।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी धरा, पांक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी समीम को पुलिस ने भेजा जेल

✷ **एनसीआर टुडे. मंडावर** ✷। थाना मंडावर पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मंगल बाजार निवासी समीम उर्फ शमीम के रूप में हुई है। घटना 22 सितंबर की है, जब पीड़िता की मां ने थाना मंडावर में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि आरोपी समीम उनकी बेटी का पीछा कर छेड़छाड़ करता था। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 74/78/115(2) बीएनएस के साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मामला दर्ज किया। 23 सितंबर को मंडावर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी में महिला उप-निरीक्षक श्रीमती प्रेरणा यादव और आरक्षी अजीत कुमार की टीम शामिल रही। पुलिस आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## शौचालय जाते समय महिला से छेड़छाड़ मेडिकल कराने गई तो हुई गाली-गलौज

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷। मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद बालावाली इलाके से सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक महिला ने आरोप लगाया है कि शौचालय जाते समय गांव का एक दबंग युवक उससे छेड़छाड़ करने लगा। महिला के अनुसार जब वह इस मामले की शिकायत लेकर जिला अस्पताल में मेडिकल कराने पहुंची, तो वहां भी आरोपी ने उसे गाली-गलौच और धमकी दी। पीड़िता ने एसपी ऑफिस पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दी और न्याय की गुहार लगाई। महिला का कहना है कि आरोपी आए दिन उसे डराने-धमकाने का काम करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# कहा-सुनी के बाद पत्नी ने सल्फास खाकर दी जान

### पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर मचा बवाल

✷ **एनसीआर टुडे. झालू** ✷





नगर क्षेत्र के मोहल्ला कानूनगोयान (इस्लामाबाद) में वैवाहिक विवाद ने एक महिला की जान ले ली।

पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम उपरांत शव को लेकर मायके और ससुराल पक्ष आमने-सामने आ गए, जिससे एम्बुलेंस तक राश्ते में अटक गई।

जानकारी के अनुसार, शमीमा (30) पत्नी नासिर निवासी मोहल्ला कानूनगोयान की शादी वर्ष 2016 में हुई थी। शमीमा के दो बेटे और एक बेटी है। परिजनों ने बताया कि बीती शाम पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। इस बात से आहत होकर शमीमा ने सल्फास खा लिया। अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

पोस्टमार्टम उपरांत जब शव को लाया गया तो मायके और ससुराल पक्ष के बीच विवाद खड़ा हो गया। शव को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए,। जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान एम्बुलेंस करीब एक घंटा तीस मिनट तक बीच राश्ते में खड़ी रही। प्रारंभ में पुलिस ने शव ससुराल पक्ष को सौंपा,। लेकिन लड़की पक्ष ने नाराज़गी जताते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत दर्ज कराई।

प्रार्थना पत्र मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ने शव मायके पक्ष को सौंपने का आदेश दिया। इसके बाद लड़की पक्ष शव को अपने गांव ले गया। मामले को लेकर देर रात तक दोनों पक्षों में खींचतान बनी रही।

**तीन मासूमों का भविष्य अनिश्चित**

मृतका शमीमा अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गई है। अचानक मां के निधन और माता-पिता के विवाद के चलते बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। मायके और ससुराल पक्ष के बीच खींचतान के बीच यह बड़ा सवाल बना हुआ है कि आगे इन मासूम बच्चों की परवरिश कौन करेगा।

पारिवारिक विवाद में जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने वाली शमीमा का शव काफी जद्दोजहद के बाद आखिर मायके वालो को दिया गया। बताते चले कि कांठ थाना क्षेत्र के ग्राम पैगमबरपुर निवासी सलाम की पुत्री शमीमा का निकाह झालू के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी नासिर से हुआ था। शमीमा की मोत की खबर पर मायके वाले पी.एम. हाऊस पर पहुचे। उनकी जिद्द के बाद भी पुलिस ने शव झालू वालो को सोंप दिया। जैसे ही एम्बुलेंस शव को लेकर झालू के लिए रवाना हुई तभी मायके वालो ने एस.पी. को तहरीर सोपकर शमीमा का शव दिलाने की मांग की। जबकि बिजनौर एव झालू के बीच गोसपुर के सामने रोड पर दोनों ओर के लोगों का हजुम लग गया। पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आखिर कप्तान साहब के आदेश पर शव मायके वालो को सोंप दिया गया है। इस मामले को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाओ का बाजार भी गर्म बना हुआ है। पुलिस मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही हैं।

## आम के 23 पेड़ अवैध तरीके से काटेए 4 पार FIR, सभी फरार

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷

दारानगर गंज क्षेत्र में अवैध रूप से आम के पेड़ों की कटाई का मामला



सामने आया है।

वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर 23 कटे हुए आम के पेड़ पाए। विभाग ने चार आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लकड़ी जब्त कर ली है। जांच में सामने आया कि आरोपियों में बाग मालिक अलाउद्दीन, उनकी पत्नी और हीमपुर दीपा के निवासी दीपक बंसल व अनुज शामिल है। दीपक बंसल पर पहले भी पेड़ काटने के कई मामले दर्ज है। बताए जा रहे हैं।

क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश गौतम ने बताया कि सभी आरोपियों पर उत्तर प्रदेश वन संरक्षण अधिनियम और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। मौके से कटी हुई लकड़ियां जब्त कर ली गई है। पेडो पर बने पक्षियों के घोंसले भी नष्ट मिले है। सभी आरोपी फरार है और उनकी तलाश के लिए छापेमारी जारी है।

# गर्भवती को रेफर करने के मामले में महिला अस्पताल के सीएमएस तलब, सीएमओ ने नाराजगी जताई




✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷

गर्भवती को निजी अस्पताल में रेफर करने के मामले में बुधवार को सीएमओ ने महिला अस्पताल के सीएमएस को तलब किया और नाराजगी जताई। साथ ही सीएमएस को विभागीय जांच करके जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। मामले में भाकियू कृषक शक्ति के जिलाध्यक्ष गजय ठाकुर ने मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ अस्पताल में प्रदर्शन किया था।

जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया था कि 22 सितंबर को प्रिंस कुमार की पत्नी शालू रानी को अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था, लेकिन ड्यूटी पर तैनात मौजूद डॉक्टर सुषमा शर्मा ने बिना कोई कारण बताए 4:30 बजे मरीज को निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां शालू की डिलिवरी हुई।

निजी अस्पताल में प्रसव की वजह से परिवार के लोगों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चिकित्सक और आशा की मिलीभगत से निजी अस्पतालों को मरीज रेफर किया जा रहे हैं और मोटा कमीशन खाया जा रहा है।

मामले में महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में तीसरे पक्ष से जांच करने की सिफारिश की थी।

बुधवार को सीएमओ ने महिला अस्पताल की सीएमएस को तलब किया और इस तरह की घटना पर नाराजगी जताई।

उन्होंने इस मामले में जल्द से जल्द विभागीय जांच करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन ने कहा कि जांच में दोषी डॉक्टर को बख्शा नहीं जाएगा।

# मौसा ने चाकू से गोदकर भांजे की हत्या की

### दिल्ली में काम दिलाने के बहाने कार में ले गया, सड़क किनारे घायल मिला था

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷

एक युवक पर उसके मौसा ने चाकू से कई वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां से उसकी हालत गभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामला किरतपुर थाना क्षेत्र का है।

मृतक की पहचान रिजवान उर्फ राजा निवासी मोहल्ला जाटान, थाना किरतपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज कर कई लोगों को हिरासत में लिया है और जांच शुरू कर दी है।

मां ताहिरा ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि घटना 22 सितंबर की है। उनके बहनोई अनीस कुरेशी, निवासी मोहल्ला जतागंज, नजीबाबाद वर्तमान में दिल्ली में कारोबार करते हैं। रिजवान को दिल्ली में काम दिलाने का झांसा देकर अपनी कार में ले गए थे।



इसी दौरान देर रात मण्डावर रोड पर मालन नदी के पास राहगीरों को एक युवक खून से लथपथ मिला। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर लव कुमार ने बताया कि रिजवान के शरीर पर एक दर्जन से अधिक चाकू के वार मिले। हालत नाजुक होने पर उसे मेरठ रेफर किया गया। उपचार के दौरान रिजवान की मौत हो गई।

पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, मृतक का बड़ा भाई आरोपी की बेटी को भगा ले गया था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया बताया जा रहा है।

# बाइक और ट्रक की टक्कर से एक की मौत, दो घायल





✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷

एक युवक की सुबह-सुबह बाइक और ट्रक से हुई एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई।जबकि उसकी बाइक पर सवार उसकी भाभी और भतीजी भी गंभीर रूप से घायल हो गए,दोनों घायलों को बिजनौर हॉस्पिटल रैफर कर दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।परिजन मृतक के शव को पुलिस से बिना कोई कार्रवाई करने तहरीर देकर बिना अटॉप्सी घर ले आये।बाद नमाज़े इशा उसको सपुर्द ए ख़ाक कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक नगर के मुहल्ला कलालान नई बश्ती निवासी मुहम्मद शाहिद का 24 वर्षीय पुत्र माजिद जिसकी आठ माह पूर्व हबीब वाला में शादी हुई थी,अपनी भाभी रूही (27 वर्ष) पत्नी शारिक को उनके मायके नजीबाबाद सुबह के लगभग पांच बजे बाइक से लेकर जा रहा था।

बाइक पर उनके साथ उसकी भतीजी अनाबिया (डेढ़ वर्ष) पुत्री शारिक भी साथ थी।जब उसकी बाइक बूँदकी शुगर मिल के निकट पहुंची की तभी सामने से आ रहे एक तेज़ रफ़्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने से माजिद उसकी भाभी रूही और भतीजी अनाबिया घायल हो गये, जबकि माजिद गम्भीर रुप से घायल हो गया।तुरन्त ही बूँदकी पुलिस चौकी से पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को नजीबाबाद हॉस्पिटल पहुँचाया, जहाँ पर चिकित्सकों ने माजिद का परीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया,जबकि उसकी भाभी रूही और भतीजी अनाबिया को बिजनौर हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

घटना की सूचना घर पहुंचने पर मुहल्ले और परिजनों में शोक व्याप्त हो गया और घर में पर कोहराम मच गया,परिजन तुरंत ही घटनास्थल पहुंचे और मृतक के शव को बिना कोई कार्रवाई के घर ले जाने की पुलिस को तहरीर दी,जिस पर पुलिस ने पंचनामा भरकर मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया।

चार बजे के समय माजिद का शव नगीना पहुँचा,जिससे घर मे कोहराम मच गया बाद नमाज़े इशा उसको कब्रिश्तान में सपुर्द ए ख़ाक कर दिया गया।

## हाइवे पर शव रखकर जाम लगाने वाले ग्रामीणों पर FIR

**एनसीआर टुडे. नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी में युवक की मौत से गुस्साएं ग्रामीणों द्वारा जाम लगाने एवं सरकारी कार्य में बांधा उत्पन्न करने वाले आरोपितों में 12 नामजद एवं 60 से अधिक शामिल लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

मंडावली के ग्राम प्रेमपुरी निवासी बाबू राम के 24 वर्षीय पुत्र अमर सिंह की लगभग चार दिन पूर्व हत्या हो गई थी। परिजनों ने इस मामले में ग्राम नंगला पिथौरा के युवकों पर उसे घर से बुलाकर मारपीट कर हत्या करने के आरोप लगाते हुए परिजनों एवं ग्रामीणों ने थाना मंडावली के साथ काशीपुर हरिद्वार नेशनल हाईवे जाम कर दिया था।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर पुष्टाहार चोरी का आरोप

### ग्रामीणों की शिकायत पर सीडीपीओ के निर्देश पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के घर छापा

✷ **एनसीआर टुडे. नजीबाबाद** ✷

तहसील क्षेत्र के ग्राम नंगला उब्बन में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के घर पर बाल विकास अधिकारियों ने छापा मारकर बड़ी संख्या में पुष्टाहार एवं चावल की बोरियां बरामद की।

ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर पुष्टाहार वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाया। बुधवार को ग्रामीणों की शिकायत पर सीडीपीओ के निर्देश पर अर्चना त्यागी एवं राहुल कुमार ने ग्राम नंगला उब्बन स्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री के घर पर छापा मारा।

जिसमें बड़ी संख्या में पुष्टाहार के पैकेट एवं चावल बरामद किए। बताते चलें कि नंगला उब्बन ग्रामीणों ने



सीडीपीओ कार्यालय नजीबाबाद पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री समिता के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी।

समिता आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर तैनात हैं और पांच वर्ष के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाला पुष्टाहार एवं राशन वितरण में गबन करने का आरोप लगाया। बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री दस से पन्द्रह लाभार्थियों को राशन देने के बाद शेष खाद्य पदार्थ अपने घर ले जाती है और अन्य दुकानदारों को बेच देती है। जिससे लाभार्थियों को राशन नहीं मिल पाता और राशन से वंचित रह जाते हैं।

ग्रामीणों के टोकने पर उनसे अभद्रता पर उतारू हो जाती है। जिससे परेशान ग्रामीणों ने उक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री की शिकायत दर्ज कराई गई। जिस पर प्रशासन ने संज्ञान लेकर कार्यवाही करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्री के घर से 55 पैकेट आटा बेसन, 58 पैकेट दलिया मूंग दाल खिचड़ी, 88 पैकेट दलिया मूंग दाल बेसन एवं तीन बोरी चावल बरामद किया गया।

## श्रीराम बारात शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ, शोभायात्रा में शामिल झांकी

✷ **एनसीआर टुडे. नहटौर** ✷

भव्यता ओर धूमधाम से नहटौर नगर में श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पर नगर में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की गई।



शोभायात्रा का शुभारंभ समाजसेवी नागेंद्र त्यागी ने फीता काटकर किया। बुधवार को श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित नहटौर में आयोजित श्रीराम की भव्य शोभायात्रा यात्रा रामलीला स्थल से प्रारंभ हुई। जिसका शुभारंभ समाजसेवी नागेंद्र त्यागी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हम राम के ओर राम हमारे है।

समिति अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि नागेंद्र त्यागी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। जय श्रीराम के जयकारों से शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भगवान शिव का अखाड़ा, माँ काली का अखाड़ा, माँ शेरावाली, श्रीराम दरबार, कन्हैया, व देशभक्ति से ओतप्रोत झांकिया आकर्षक का केंद्र रही। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः रामलीला स्थल पर पहुँचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा को सफल बनाने में रामलीला समिति के अध्यक्ष रंजीत जोशी, कोषाध्यक्ष संजू सैनी, तेजपाल सैनी, अरविंद जोशी, आदेश चंद्र, रोहित सैनी, अंकुश अग्रवाल, मोहित शर्मा, कपिल, सुमित शर्मा, कृष्ण वर्मा, तिलक अग्रवाल नवीन अग्रवाल, ऋषभ जैन, विनिल वर्मा, रोबिन सैनी, कमल सैनी, मधुर गुप्ता, सचिन अग्रवाल, पुष्पेंद्र शर्मा, हिमांशु गुप्ता, पुष्पेंद्र शर्मा, मोनू शर्मा, पंकज शर्मा, रिंकू सैनी, विशाल शर्मा, डॉ सुशील शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय-बूढ़ावाला में मीना मेला का आयोजित

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷

पी.एम. श्री. कम्पोजिट विद्यालय-बूढ़ावाला, विकास खंड-कोतवाली, जनपद बिजनौर में एक दिवसीय मीना मेला का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार ने की तथा प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। ग्राम प्रधान श्रीमती सीमा देवी, सदस्य चंद्रप्रकाश तथा विद्यालय के सभी अध्यापक कामिनी दिवाकर, श्री महीपाल सिंह, अनिल कुमार, रेनू रानी और राहुल पाल सहित शिक्षा मित्र नीतिका तथा अनुदेशक रीना रानी एवं तरुण कुमार की सक्रिय भागीदारी रही। मेले में बालिकाओं को आत्मविश्वास, शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं समानता के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ कराई गईं।

विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रश्तुतियाँ दीं और अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर बालिकाओं की प्रतिभा को मंच मिला तथा शिक्षा के महत्व पर सभी को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली

✷ **एनसीआर टुडे. अफजलगढ़** ✷

मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत थाना अफ़ज़लगढ़ क्षेत्र के ग्राम कादराबाद स्थित भूतपूर्व सैनिक आदर्श इंटर कॉलेज में पुलिस टीम द्वारा छात्राओं के साथ प्रभात फेरी निकाली गई।



इस दौरान कॉलेज की बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों को आत्मरक्षा, महिला अधिकारों तथा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला सहायता), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (बाल हेल्पलाइन) सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विश्तार से बताया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को नारी स्वावलंबन, आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर हल्का इंचार्ज राजीव कुमार, उप निरीक्षक जयवीर सिंह, कांस्टेबल आकाश यादव व कांस्टेबल कृष्ण कुमार सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–निविदाएं आमंत्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/एनआरसीएच के अधीन एसएसई/वर्क्स/एनआरसीएच अनुभाग में उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल में मौजूदा ऑडिटोरियम का उन्नयन। | रू. 20558103.93 | रू. 252800/- | 12 माह | 17.10.2025 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 17.10.2025 15.00 बजे तक ही भरी जायगी। पत्रसं–128-W-269-O.E.T.-09-25-26-NRCH दिनांक–23.09.2025 2934/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संपादकीय

## नेपाल में सत्ता संघर्ष क्यों?

नेपाल में सत्ता का संघर्ष एक बार फिर सुर्खियों में है। 9 सितंबर 2025 को, नेपाल के प्रधानमंत्री ओली ने अपने पद से इश्तीफा दे दिया है। यह कदम उस सरकार पर बढ़ते जनाक्रोश के बीच उठाया गया, जो हाल ही में लगे सोशल मीडिया प्रतिबंध और व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुई युवाओं की मांगों से उत्पन्न हिंसात्मक विरोध प्रदर्शनों के चलते बेहद दबाव में आ गई थी। नेपाल का वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य बेहद जटिल है। नेपाल में जेन-जी क्रांति की शुरुआत सोशल मीडिया बैन से शुरू हुई।

4 सितंबर को नेपाल के तब के पीएम ओली ने सोशल मीडिया पर बैन लगा दिया। पहले से भ्रष्टाचार की आग में झुलस रही जनता ने विद्रोह का बिगुल फूंक दिया। सरकार के खिलाफ जेन-जी सडक़ों पर उतर आए। भ्रष्टाचार, नेपो किड्स और राजनीतिक दलों की सड़ांध के खिलाफ जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने संसद पर कब्जा कर लिया।

सुप्रीम कोर्ट से लेकर संसद और फाइव स्टार होटल तक को प्रदर्शनकारियों ने आग के हवाले कर दिया। मगर एक बात जो अब सबको चौंका रही है कि आखिर राजा के महल को प्रदर्शनकारियों ने क्यों नहीं टच किया। इसके पीछे जो वजह बताई जा रही है, उससे नेपाल में अभी बाकी के क्लाइमेक्स के संदेश मिलते हैं। दरअसल पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था कि वे युवाओं के साथ हैं। नेपाल से जुड़े मसलों के जानकारों का मानना है कि जेन-जी के लिए आज भी राजा का महल एक आदरणीय स्थान है। कुछ जेन-जी को नेपाल में मौजूदा लोकतंत्र की अराजकता से राजशाही अब भी बेहतर लगती है।

यही कारण है कि प्रदर्शनकारियों ने राजा के महल को आग के हवाले नहीं किया। उनका गुस्सा नेताओं के प्रति अधिक है। उन्हें भ्रष्ट सिस्टम से दिक्कत है। नेपाल में काफी समय से राजशाही की मांग चल रही है। मार्च 2025 से ही प्रो-मोनार्की प्रदर्शन चल रहे हैं। नेपाल के लाखों लोग राजशाही की बहाली की मांग कर रहे हैं। जेन-जी क्रांति में भी इसकी आहट सुनाई दी। कुछ का मानना है कि 2008 में खत्म हुई राजशाही ही नेपाल को फिर से एकजुट कर सकती है। खासकर तब जब सभी राजनीतिक दल विफल हो चुके हैं और भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हैं।

अब सवाल है कि क्या राजशाही की वापसी संभव है? नेपाल में भले अभी सुशीला कार्की की अंतरिम सरकार है, मगर अभी भी पावर वैक्यूम है और अगर जेन-जी सुशीला कार्की से नाराज होते हैं तो राजा की वापसी का मौका बन सकता है। अब नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की पर नजरें टिकी हैं। नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस रह चुकीं कार्की एंटी-करप्शन कैंपेनर हैं।

वह 73 साल की हैं। वह अंतरिम सरकार में मंत्रियों को शामिल कर रही हैं। अब सवाल है कि क्या सुशील कार्की 6 महीने तक सरकार चला पाएंगी? इसमें कई चुनौतियां हैं। आर्थिक संकट, पड़ोसी देशों का दबाव, और राजशाही का दबाव। अगर सुशीला कार्की जेन-जी की मांगें पूरी नहीं करती हैं तो फिर से नए प्रदर्शन हो सकते हैं। ऐसे में नेपाल में कुछ भी संभव है। 2008 में राजशाही की समाप्ति और संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना के बाद नेपाल ने लोकतंत्र की राह पकड़ी।

लेकिन जनता के भीतर यह असंतोष भी धीरे-धीरे बढ़ा कि लोकतांत्रिक ढांचे के बावजूद भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता की समस्याएं कम नहीं हुईं। यही असंतोष धीरे-धीरे एक नए नेतृत्व की ओर देखने की इच्छा में बदल गया। इसी कड़ी में, बालेंद्र शाह, जिन्हें लोकप्रिय रूप से बालेन शाह कहा जाता है, नेपाल की राजनीति में एक नई और बागी छवि के साथ उभरे हैं। एक स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर काठमांडू महानगर के मेयर चुने जाने के बाद उन्होंने यह साबित किया कि पारंपरिक दलों से अलग भी राजनीति संभव है। वे सीधे भ्रष्टाचार और सत्ता की जड़ जमाई गई सड़ांध पर चोट करते हैं। इस वजह से कई लोग उन्हें 'विद्रोह का जनक' मानते हैं।

जहां तक नेपाल राजशाही और हिंदू राष्ट्र की बात है, ऐसा लगता है कि बालेन शाह का सीधा जुड़ाव राजशाही पुनस्र्थापना से नहीं है। उनका आंदोलन मुख्यतः भ्रष्टाचार विरोध और सिस्टम में पारदर्शिता की मांग पर केंद्रित है। हालांकि, यह भी सच है कि जनता के भीतर एक तबका ऐसा है जो भ्रष्ट राजनीति से ऊबकर पुराने हिंदू राष्ट्र और राजशाही की ओर लौटने को विकल्प के रूप में देखता है। इस वजह से बालेन शाह के उभार को कई लोग इस भावना से भी जोडक़र देखते हैं।

इस बात से इंकार करना मुश्किल है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि नेपाल में विद्रोह लोकतंत्र को खत्म कर राजशाही लाने की मांग नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक ढांचे को भ्रष्टाचारमुक्त और जवाबदेह बनाने की एक कोशिश है। हां, उनके उभार ने यह जरूर साबित कर दिया है कि नेपाल की जनता परिवर्तन चाहती है और अगर मौजूदा दल जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे तो राजशाही या हिंदू राष्ट्र जैसी पुरानी व्यवस्थाओं की मांग फिर से मजबूत हो सकती है। नेपाल ने पिछले कुछ सालों में कई बार सरकारें बदलते देखी हैं। किसी भी राजनीतिक दल के पास स्पष्ट बहुमत नहीं होने के कारण गठबंधन सरकारें बनती हैं, जो अक्सर अस्थिर होती हैं।

राजनीतिक और व्यक्तिगत स्वार्थ भी इसमें एक बड़ी भूमिका निभाते हैं, जिससे सरकारें लंबे समय तक नहीं चल पातीं। आज भी नेपाल में भ्रष्टाचार और कुप्रशासन एक बड़ी समस्या है। कई घोटालों ने लोगों का सरकार पर से विश्वास कम कर दिया है। नेपाल में रोजगार के अवसरों की कमी है, जिससे बड़ी संख्या में युवा विदेश जाकर काम करने को मजबूर हैं। बढ़ती महंगाई ने भी आम जनता के जीवन को मुश्किल बना दिया है। वहां अल्पसंख्यक समूहों को लगता है कि उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सरकारी नीतियों में पर्याप्त जगह नहीं मिली है।

नेपाल में राजशाही और हिंदू राष्ट्र की वापसी की मांग भी एक बड़ा कारण है। कुछ लोगों का मानना है कि लोकतंत्र की स्थापना के बाद से देश में अस्थिरता और भ्रष्टाचार बढ़ा है, जबकि राजशाही के दौरान स्थिरता थी। ये मांगें अक्सर प्रदर्शनों का रूप ले लेती हैं। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नेपाल के आंतरिक मामलों में बाहरी शक्तियों का हश्तक्षेप भी राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ाता है।

इसमें जहां तक भारत का प्रश्न है तो हमने हमेशा पड़ोस मे शांति की वकालत की है और करते रहेंगे। संक्षेप में, नेपाल का घटनाक्रम भ्रष्टाचार और जनक्रांति के बीच लोकतांत्रिक संतुलन साधने की कोशिश है। यह दर्शाता है कि नेपाली जनता, खासकर युवा वर्ग, वाश्तविक परिवर्तन के लिए लोकतांत्रिक रूप से लडऩे को तैयार है।

# शक्ति और साहस का पर्व है नवरात्रि

**रमेश सर्राफ धमोरा**

नवरात्रि का मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा और आराधना के लिए समर्पित है जिन्हें शक्ति, साहस, और नारी सशक्तिकरण का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि का अर्थ है नौ रातें, और इस दौरान भक्त देवी दुर्गा की विशेष पूजा करते हैं, उपवास रखते हैं, और भक्ति में लीन रहते हैं। नवरात्रि का त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है।

शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतौर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है।

वसन्त की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है।

नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने - कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि।

नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं - शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री।

नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटानेवाली होता है। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि का त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है।

हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनो के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं



नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं।

नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चैथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी-समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है।

आठवे दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवा दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ जवान लड़कियों की पूजा होती है जो अभी तक यौवन की अवस्था तक नहीं पहुंची है।

इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वश्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है।

मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है।

इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा।

महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विशतार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की।

ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं।

भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं।

देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। नवरात्रि के दौरान ध्यान, योग और भक्ति करने से मन को शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय।

वश्तुतः नवरात्र अंतःशुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है)**

# सऊदी-पाक सुरक्षा समझौते से भारत चिंतित क्यों

**राजेश कुमार पासी**

सऊदी अरब और पाकिस्तान ने नाटो देशों की तरह सुरक्षा समझौते पर हश्ताक्षर किए हैं जिसके बारे में कहा जा रहा है कि एक देश पर हमला दोनों देशों पर हमला माना जाएगा और दोनों देश मिलकर उसका जवाब देंगे। इस समझौते का पूरा वर्णन अभी हासिल नहीं हुआ है क्योंकि हो सकता है कि इस समझौते में गुप्त प्रावधान भी रखे गए हों।

इस समझौते के कारण न केवल सुरक्षा और कूटनीति विशेषज्ञ परेशान हैं बल्कि भारत की आम जनता भी चिंतित है। इस चिंता की वजह यह है कि नाटो देश भी ऐसे ही समझौते से बंधे हुए हैं, इसलिए कोई भी देश उन पर हमला नहीं करता है क्योंकि सबको पता है कि अगर उसने एक देश पर हमला किया तो उस पर सारे नाटो देश टूट पड़ेंगे।

पाकिस्तान की जनता बहुत खुश है क्योंकि उसे लगता है कि अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत का मुकाबला करेगा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को इसके लिए पाकिस्तानी जनता बधाई दे रही है जबकि भारत की जनता चिंतित है क्योंकि उसे लगता है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो सऊदी अरब की मदद से पाकिस्तान पूरी ताकत से भारत का मुकाबला करने की कोशिश करेगा।

भारतीय विदेश विभाग इसको बड़ी संवेदनशीलता से देख रहा है और उसने बयान दिया है कि वो देख रहा है कि इस समझौते का भारत पर क्या असर हो सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो गयी थी, अब भारत को देखना है कि अगर दोबारा ऐसा होता है तो सऊदी अरब पाकिस्तान की कैसी मदद कर सकता है।

सऊदी अरब को पाकिस्तान की मदद करने से रोकने के लिए भारत क्या कर सकता है, इस पर भारतीय सरकार और सेना ने विचार करना शुरू कर दिया होगा। वैसे देखा जाए तो यह समझौता भारत को देखते हुए नहीं किया गया है और इसकी पहल भी पाकिस्तान की तरफ से नहीं हुई है। इजराइल द्वारा कतर की राजधानी दोहा पर किया गया हमला इसकी मुख्य वजह है जो हमास नेताओं को निशाना बनाकर किया गया था।

इस हमले के कारण पूरे अरब जगत में भय का वातावरण पैदा हो गया है क्योंकि सऊदी अरब सहित ज्यादातर अरब देशों की सुरक्षा की जिम्मेदारी अमेरिका ने संभाल रखी है। इस हमले पर अमेरिका ने चुप्पी साध ली है जिसके कारण सभी अरब देश परेशान हैं। इससे पहले सऊदी पर ईरान समर्थित आतंकवादी संगठन हमला कर चुके हैं।



अमेरिका के रवैये से लग रहा है कि वो अब अरब देशों की सुरक्षा देने का इच्छुक नहीं है। सऊदी को लगता है कि अब सिर्फ अमेरिका के भरोसे नहीं रहा जा सकता, उसे दूसरे विकल्पों पर भी विचार करना होगा। पाकिस्तान सऊदी अरब का पुराना सहयोगी है और उसकी सेना का प्रशिक्षण भी पाकिस्तानी सेना द्वारा किया जाता है। पाकिस्तान परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र है इसलिए सऊदी ने पाकिस्तान को अपने विकल्प के रूप में चुना है।

वैसे दोनों देशों का कहना है कि उनका समझौता किसी देश को देखकर नहीं किया गया है लेकिन सबको पता है कि पाकिस्तान का दुश्मन कौन है और सऊदी का कौन है। इस समझौते ने नए समीकरण पैदा कर दिए हैं और अमेरिका का महत्व इस क्षेत्र में कम करने का काम किया है।

आने वाले समय में दूसरे अरब देश भी इस समझौते से जुड़ सकते हैं। पाकिस्तान कह चुका है कि सभी मुस्लिम देशों को नाटो जैसा समझौता करना चाहिए ताकि वो आने वाले खतरों से निपट सके। अमेरिका अब्राहम समझौते से अरब देशों को इजराइल के साथ जोड़ना चाहता था, अब उसकी संभावना लगभग खत्म हो चुकी है।

पाकिस्तान की परमाणु शक्ति सऊदी अरब के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इजराइल पर इस समझौते का क्या असर होगा, ये एक अलग विषय है लेकिन भारत के लिए सऊदी बहुत महत्वपूर्ण है।

सऊदी भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी है इसलिए हमें ज्यादा चिंता करने की जरूरत है। पिछले दस सालों में सऊदी भारत का रणनीतिक साझेदार बन चुका है। सऊदी कुछ भी कहे लेकिन संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। भारत सऊदी के साथ रिश्तों को आगे बढ़ाते हुए इस समझौते की अनदेखी नहीं कर सकता।

डोनाल्ड ट्रंप के फैसलों के कारण सभी देशों में संशय पैदा हो गया है और विश्व राजनीति में एक शून्य नजर आ रहा है। चीन इस शून्य को भरने की कोशिश कर सकता है। वैसे यह समझौता ईरान के लिए भी नई परिस्थितियां लेकर आया है। दोनों देशों के साथ रिश्ते उसके लिए चिंता का विषय हैं।

अब भारत को इजराइल के साथ अपने संबंधों में सतर्कता बरतनी होगी और देखना होगा कि उसकी इजराइल के साथ मित्रता दूसरे देशों को गलत संदेश न दे। समस्या यह है कि इजराइल भारत का महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार है और इस समझौते के बाद भारत को अपनी सुरक्षा के लिए इजराइल के साथ संबंधों को बढ़ाना होगा।

भारतीय कूटनीति की समस्या यह है कि उसे ऐसी परिस्थितियों से निपटना पड़ रहा है जिसके बारे में अभी तक सोचा नहीं गया है। अमेरिका के कारण भारतीय कूटनीति पहले ही एक बड़े खतरे से जूझ रही है और इस समझौते ने नई समस्या पैदा कर दी है। बेशक इस समझौते का तात्कालिक कारण दोहा पर इजराइल का हमला हो लेकिन यह समझौता जल्दबाजी में नहीं हो सकता। पर्दे के पीछे इसकी तैयारियां कई वर्षों से चल रही होंगी।

भारत के लिए यह भी चिंता का विषय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बावजूद सऊदी ने पाकिस्तान के साथ यह समझौता कर लिया है। भारत को इस समझौते के होने का कुछ तो एहसास रहा होगा। वैसे देखा जाए तो कूटनीति में सिर्फ समझौता हो जाने से कुछ नहीं होता बल्कि यह भी देखना होता है कि दोनों देश एक दूसरे की क्या मदद कर सकते हैं।

अगर भारत पाकिस्तान पर हमला कर देता है तो सऊदी पाकिस्तान की कैसे मदद कर सकता है, इस बारे में भारत ने तैयारियां शुरू कर दी होंगी। सऊदी भी जानता है कि आतंकवाद के कारण पाकिस्तान पर भारत का हमला कभी भी हो सकता है तो उसने भी पाकिस्तान की मदद के बारे में कुछ तो वादे किये होंगे।

देखा जाए तो सऊदी के पास कोई बड़ी सैन्य शक्ति नहीं है लेकिन उसका सुरक्षा बजट पाकिस्तान से कहीं ज्यादा बड़ा है। सऊदी के पास अमेरिका से लिए गए घातक हथियार हैं लेकिन उनको चलाने के लिए प्रशिक्षित सेना नहीं है। यही कारण है कि वो भारी भरकम खर्च के बावजूद अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर है।

पाकिस्तान को सऊदी कोई सैन्य सहायता नहीं दे सकता लेकिन अपने हथियार तो दे सकता है। एक तरह से देखा जाए तो सऊदी और पाकिस्तान एक दूसरे के पूरक हैं। पाकिस्तान सऊदी को सेना दे सकता है और सऊदी पाकिस्तान को हथियार दे सकता है।

हो सकता है कि पाकिस्तान को अमेरिकी मदद पहुंचाने का राश्ता सऊदी से होकर जाने का कार्यक्रम इस समझौते के माध्यम से बनाया गया हो। जो हथियार अमेरिका युद्ध के समय सीधे पाकिस्तान को नहीं दे सकता, वो भविष्य में सऊदी के जरिये पाकिस्तान को मुहैया करवाए जा सकते हैं। इस समझौते की वाश्तविकता की बात करें तो भारत को ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया है कि पाकिस्तान कितने पानी में है और वो भारतीय सेना का कितनी देर मुकाबला कर सकता है। जहां तक सऊदी की बात है तो उसके महत्वपूर्ण आर्थिक ठिकाने भारतीय मिसाइलें कुछ ही मिनटों में तबाह कर सकती हैं। वो भी भारतीय सेना की ताकत को अच्छी तरह से जानता है, इसलिए वो पाकिस्तान के लिए सीधे भारत से टकराने की हिम्मत नहीं कर सकता।

समझौता कुछ भी कहता हो लेकिन सऊदी पाकिस्तान की बेवकूफी के लिए अपने देश को बर्बाद नहीं कर सकता। भारत के साथ उसके इतने अच्छे रिश्ते हैं कि वो भारत को दुश्मन बनाना कभी नहीं चाहेगा।

दूसरी बात, सऊदी पाकिस्तान की आर्थिक मदद कर सकता है लेकिन क्या सिर्फ आर्थिक मदद से युद्ध लड़ा जा सकता है। भारत के लिए दोनों देशों की भौगोलिक स्थिति भी महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच कोई सीधा सम्पर्क नहीं है बल्कि हजारों किलोमीटर लंबा समुद्र है, जहां भारत की शक्तिशाली नौसेना खड़ी रहती है।

भारतीय नौसेना इतनी शक्तिशाली है कि वो दोनों देशों के बीच खड़ी हो गई तो दोनों देशों का सम्पर्क टूट जाएगा और कोई भी एक दूसरे की मदद नहीं कर पाएगा। जहां तक वायुसेना की बात है तो उसकी ताकत को भी पूरा विश्व देख चुका है। क्या वायुसेना दोनों देशों को एक दूसरे की मदद करने देगी। अंत में इतना कहा जा सकता है कि भारत को फिलहाल इस समझौते से कोई खतरा नहीं है लेकिन भविष्य के लिए भारत को सतर्कता बरतने की जरूरत है। भारत अपनी सुरक्षा के लिए किसी दूसरे पर निर्भर नहीं है, इसलिए आने वाले खतरों से निपटने की तैयारियां कर लेगा।

# चुनावी सफर के साथ-साथ बदल रहा है राहुल का एजेंडा

**कांतिलाल मांडोत**

बिहार में तीन दशक से सत्ता से बाहर कांग्रेस घर वापसी के लिए बेताब है। कांग्रेस के खिसकते जनाधार को दुबारा जोड़ने के लिए राहुल गांधी ने संविधान और आरक्षण के बहाने सामाजिक न्याय को सेट करने के लिए दांव चला। चुनाव की तपिश जैसे जैसे बढ़ रही है। राहुल गांधी की सियासी चाल भी बदलती जा रही है। भाजपा निस्वार्थ सत्याग्रही है। कांग्रेस की महत्वकांशा भाजपा को पहले से मालूम है। कांग्रेस इतना घटिया आरोप लगा सकती है। यह चुनाव आयोग को भी मालूम नही था। एसआईआर की कांग्रेस की स्क्रिप्ट पर तेजस्वी भी शामिल हो गए।

तेजस्वी ने एसआईआर के आंदोलन को संबल प्रदान करने के लिए वोटनीति और वोट चोरी के कथित आरोपो में कांग्रेस के साथ जुड़ गए। बिहार मे लोगो को भी प्रेरित किया। लेकिन इसकी असली वजह यह है कि बिहार में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। कांग्रेस का बिहार की राजनीति से जुड़ाव नीरस हो होता जा रहा है।

तीन दशक का समय कम नही होता है। तीस साल के व्यक्ति को यह खबर भी नही होगी कि कांग्रेस भी कोई दल है। क्योंकि तीन दशक से बिहार में कांग्रेस सता से बाहर है। कांग्रेस की इस तरह के बेतुके सवाल और जवाब देखकर बाहर बसे भारतवंशी जिन्हें देश की उन पार्टियों से पीड़ा पहुंचती है, जिन्होंने ऐसे विकल्प को उठाया है, जिसका कोई वजूद नही है।

देश मे किसी एक पार्टी के व्यक्ति से लोग इतने नाराज नही हुए होंगे, जितना कांग्रेस से। बहरहाल, चुनाव आयोग ने कांग्रेस के सभी आरोपो का खंडन किया है। सत्ता की राजनीति ने आकंठ डूबे राजनेताओ से गिरते राजनीति के श्तर में सुधार की उम्मीद नही की जा सकती है। कांग्रेस बारी बारी से राज्यो और केंद्र में ग्यारह वर्षो से सत्ता से दूर रहने के कारण छटपटा रही है।

जूठे आरोप से ही अगर सत्ता मिलती है तो क्या हर्ज है?अपने कार्यकाल में कर्मठता, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की झलक देखने को मिलती है तो मतदाता कभी भी नेता और पार्टी को सत्ता के गलियारों तक पहुंचा सकते है। लोगो को साफ सुथरी राजनीति की जरूरत है। उसी दल या नेता ओ के लिए रात्रि जागरण का कार्य करते है, जो राजनीति में दूध की तरह सफेद है।

ऐसे चुनिंदा लोग राजनीति में है, जिनके लिए मतदाता भरोसा भी करता है और पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए तैयार रहते है। लोक जागरण के कार्य के लिए जनता को भरोसा होना बहुत आवश्यक है।

राहुल और तेजस्वी के पीछे कोई तीसरा हाथ है, यह कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन मोदी मिशन के इस एजेंडे को धराशायी करने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे है। कर्नाटक में राहुल ने उन वोटरों को समक्ष खड़ा कर कहा गया कि इन लोगो के नाम मतदाता सूची में काट दिया गया है।

राहुल के बेबुनियाद आरोपो से निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस के सभी आरोपो को दिशाहीन और जूठे बताए। बिहार में पैर जमाने और सत्ता का स्वाद चखने के लिए राहुल ने एसआईआर को ही केंद्र बिंदु नही बनाया है, उसके पूर्व बिहार में पलायन, पेपर लीक और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सियासी बिसात बिछाने में जुटी थी।

कांग्रेस जाति धर्म, बाहुबल और तुष्टिकरण की नीति पर चुनाव जीतने की जुगत में है। इसलिए वह ऐसे लोगो को खड़ा कर रही है, जिसका कोई विरोध नहीं करता है। हालांकि, बिहार में राजनैतिक तौर पर कांग्रेस पहचान बना पाई है और न ही राजद उस धुरी तक पहुंच गई है, जो बिहार में कुछ उम्मीद छोड़ सके। कांग्रेस अपना एजेंडा ओबिसी, दलित और अल्पसंख्यक वोटो के इर्द गिर्द बुन रही है। कांग्रेस ने जिन बेबुनियाद मुद्दे उठाए है इसके लिए मतदाता क्या सोचते है?यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

कांग्रेस अपने कुनबे को जोड़ने का प्रयास कर रही है, वही कांग्रेस को वजूद बचाने की जद्दोजहद करनी पड़ेगी। कांग्रेस अब बिखरा हुआ दल है। कांग्रेस का भूतकाल खण्डित रहा है। कांग्रेस पर आजादी के बाद से अनगिनत आरोप लगे है। इससे मतदाता सोच समझकर फैसला करता है। आज के मतदाता सोच समझकर निर्णय लेते है।

कांग्रेस की स्थिति बिहार में आश्वासन देने की नही रही है। प्रदेश संगठन की कमान भूमिहार नेता से लेकर दलित समाज के नेता को सौंप दी है। बिहार में नीतीश को सुशासन बाबू का तमगा मिला हुआ है। बिहार को कांग्रेस ने फटेहाल स्थिति में छोड़ दिया था। उसके बाद लालू ने 15 साल तक राज किया और बिहार को नरकगामी बना दिया।

जंगल राज की राजनीति खत्म होते ही मतदाताओ ने नीतीश बाबु का दामन थाम लिया और अब फिर से कांग्रेस बिहार की सत्ता के गलियारों तक पहुंचने के लिए कुतर्क का सहारा ले रही है। तीस साल सत्ता से बाहर रहने के बाद भी कांग्रेस ने कोई सबक नही सीखा है। कांग्रेस उसी पुराने ढर्रे पर ही चल रही है, जिसको तीन दशक पहले छोड़ आई थी। बिहार में कांग्रेस वापसी के लिए इस कदर बेचैन है कि वह हर हालत में सत्ता हासिल करना चाहती है। और इसके लिए गठबंधन भी करना पड़ेगा तो उसे मंजूर है। बिहार के चुनाव आयोग की एसआईआर की सियासी चाल बदल दी है। निर्वाचन आयोग पूरे देश मे sir लगाने की कवायद शुरू की है। देश मे मतदाता सूची का पुनर्निरीक्षण समय की मांग है। बिहार के सियासी खेल में अन्य दलों के नेताओ ने हिस्सा लिया और इस रोमांस का लुफ्त तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्तालिन ने भी उठाया। कांग्रेस का फोकस अब वोटनीति और वोट चोरी पर केंद्रित है।

वोटनीति और वोट चोरी के शोरगुल में अहम मुद्दे छूटते दिखाई दे रहे है। राहुल ने सबसे पहले समाजिक न्याय का मुद्दा उठाया था जिसमे जातिगत मतगणना और दलित पिछडोका मुद्दा उठाया। कांग्रेस की सियासी चाल से बिहार में ठंडे पानी मे उबाल देखने को मिल रहा है।

मोदी के जन्म दिवस पर बिहार में एक मंच पर बिहार के मतदाताओं को नीतीश कुमार ने मोदी से हाथ जोड़कर नमश्ते करने का आग्रह किया और एक ही क्षण में हजारो हाथ खड़े हो गए। बिहार में मोदी की लोकप्रियता कम नही हुई है। तब सवाल यह उठता है कि एकाएक कांग्रेस का सियासी रथ कहा जाकर रुकेगा। क्योंकि कांग्रेस के पास कोई ऐसे मुद्दे नही है, जिससे नीतीश कुमार के सुशासन बाबू का तमगा छीना जा सके। इस बीच तेजस्वी ने राह बदल दी है।

क्योंकि वोटचोरी का मुद्दा बिहार में असरदार नही दिख रहा है। क्योंकि चुनाव आते आते लोग इस मुद्दे को भूल जाएंगे। इस बीच तेजस्वी ने अधिकार यात्रा शुरू की है। बिहार के इस पूरे घटनाक्रम के पीछे कांग्रेस के आरोप खारिज करते हुए भाजपा ने कहा कि कांग्रेस ने यात्रा घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली गई थी। उधर, मोदी ने बिहार की सभा से कहा कि घुसपैठियों को बिहार से निकालकर रहेंगे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.khabariya.com **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## पहली बार बोर्ड परीक्षा में होगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। आगामी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को पूरी तरह से नकल-मुक्त बनाने के लिए, अलीगढ़ में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इश्तेमाल किया जाएगा। अलीगढ़ जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों को जिला मुख्यालय के सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। अलीगढ़ जिले में कुल 865 माध्यमिक विद्यालय हैं। पिछले साल 10वीं कक्षा में 62,000 और 12वीं कक्षा में 54,000 छात्रों ने परीक्षा दी थी। शिक्षा विभाग के अनुसार, पिछले साल भी एआई का उपयोग करने की तैयारी थी, लेकिन कुछ कारणों से यह संभव नहीं हो पाया था। इस साल, प्रदेश के हर परीक्षा केंद्र पर एआई की मदद ली जाएगी ताकि परीक्षाएं निष्पक्ष और बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न हो सकें। इनका कहना है..... ड़ीएसओ पूरन सिंह का कहना है कि बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरु हो गई हैं। विभाग विद्यालयों का डाटा अपडेट कर रहा है। परीक्षा में सबसे आधुनिक तकनीक का इश्तेमाल निगरानी के लिए होगा। इसमें एआई शामिल है। विभाग इस समय शिक्षकों का डाटा भी अपडेट कर रहा है।एआई कैसे काम करेगा। यह न केवल परीक्षा के दौरान छात्रों की गतिविधियों पर नज़र रखेगा, बल्कि रात में प्रश्न पत्र रखे जाने वाले कमरों यानी स्ट्रांग रूम की भी निगरानी करेगा। किसी भी अनुचित गतिविधि जैसे कि छात्रों का आपस में बात करना, नकल की कोशिश करना, या स्ट्रांग रूम के खुलने-बंद होने में गड़बड़ी होने पर तुरंत अलर्ट जारी होगा। जिले के कंट्रोल रूम के कैमरे सीधे बोर्ड मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़े जाएंगे, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता रहेगी।

## 126 ई रिक्शा के लिए चार्जिंग स्टेशन तैयार जल्द होगा क्रियाशील

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। अलीगढ़। नगर निगम द्वारा स्वच्छता सेवा अभियान के तहत सफ़ाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शहर की तंग गलियों में जहां अब तक कचरा उठाने में दिक्कत आ रही थी और नगर निगम के टाटा एस टेंपो व टिप्पर वाहनों का मूवमेंट संभव नहीं हो पा रहा था वहां अब 126 ई-रिक्शा की तैनाती की जा रही है। इन ई-रिक्शा की मदद से तंग गलियों के हर घर-घर से कचरा उठाया जाएगा और गलियों को गंदगी एवं नालियों के जाम होने की समस्या से निज़ात दिलाई जाएगी। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा और महापौर प्रशांत सिंघल ने संयुक्त रूप से इस योजना की रूपरेखा तैयार की है जल्द विधिवत इस चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ कर इस व्यवस्था को संपूर्ण शहर में लागू किया जाएगा। बुधवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के साथ उदय सिंह जैन रोड स्थित पुराने जलकल कैंपस में बने चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। लगभग 12 लाख रुपये की लागत से बने इस चार्जिंग स्टेशन में एक बार में 88 ई-रिक्शा को चार्ज करने की क्षमता है। यहां 126 वाहनों के लिए राउंड द क्लॉक चार्जिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नगर आयुक्त ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि चार्जिंग स्टेशन में शेष निर्माण एवं सुविधाओं को 48 घंटे में पूर्ण कर लिया जाए। नगर आयुक्त ने बताया कि यह व्यवस्था अर्बन कंपनी के माध्यम से संचालित की जाएगी और 90 पार्षद वार्डों की उन गलियों में लागू होगी जहां भारी वाहन नहीं पहुंच पाते।

## शिक्षा वह पूंजी है, जिसे कोई बाँट नहीं सकता :रेशमपाल

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। गभाना में विभव फाउंडेशन व रुद्राक्ष सेवा समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में दौरऊ स्थित रुद्राक्ष पब्लिक स्कूल में शिक्षण सामिग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। मुख्य अतिथि चंडोस ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रेशमपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा वह पूंजी है, जिसे कोई बाँट नहीं सकता है। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता पिता के सपनों को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने स्कूल संचालिका दीपमाला जादौन, रुद्राक्ष सेवा समिति तथा विभव फाउंडेशन की भूरि - भूरि प्रशंसा की और कहा कि बच्चों को शिक्षण सामिग्री का निःशुल्क वितरण कर सही मायने में सराहनीय है। रुद्राक्ष सेवा समिति के विनोद तिवारी ने बताया कि दोनों संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से बड़े पैमाने सामाजिक कार्य किये जा रहे है स अबतक अपने ही क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गाँवो में शिक्षण सामिग्री का वितरण किया जा चुका है। प्रधानाचार्या दीपमाला जादौन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया स संचालन विनोद तिवारी ने किया। इस मोके पर भाजपा महिला मोर्चा की मंडल महामंत्री अर्चना तिवारी, अरुण सिंह आचार्य, धर्मवीर सिंह, प्रीति राघव, कीर्ति चौहान, नैना राघव, कुमकुम चौहान, शिवानी सिंह, देवेंद्र सिंह, जीतेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

## पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती में होंगे शामिल ड़प्टी सीएम

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज प्रातः 10:55 बजे अलीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचेंगे डिप्टी सीएम 11:05 बजे कश्तूरबा गांधी विद्यालय धनीपुर का निरीक्षण करेंगे और 11:25 से 11:40 तक जीएसटी उत्सव कार्यक्रम में व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठान पर भेंट एवं संवाद करेंगे। मंत्री जी 11:50 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय में प्रदर्शनी का शुभारंभ, स्मृति प्रेरणा उपवन वाटिका का लोकार्पण एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। 12:40 बजे पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे जहां वह पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट एवं संवाद करेंगे। 1:30 बजे नौरंगीलाल इंटर कॉलेज परिसर में नव निर्मित स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निरीक्षण और 1:50 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग डॉ0 दयाशंकर ''दयालु'' गुरूवार को प्रातः 10:00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर भाजपा विशाल कार्यकर्ता मिलन समारोह में सम्मिलित होंगे। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनीतिक पेंशन विभाग धर्मपाल सिंह नोएडा से चलकर अपरान्ह 2 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के उपलक्ष में डीडीयू हॉस्पिटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

**मिहिर भोज विवाद**

# हाईकोर्ट का आदेश आते ही हटने लगे जाति लिखे बोर्ड

**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ में सरधना विधानसभा क्षेत्र के गांव कपसाड़ और सलावा में लगाए गए सम्राट मिहिर भोज द्वार को लेकर चल रहे विवाद ने फिर से तूल पकड़ लिया। हाईकोर्ट और राज्य सरकार के आदेश जारी होते ही मंगलवार को जाति लिखे बोर्ड शहर और देहात के विभिन्न हिस्सों से हटाए जाने लगे। प्रशासन ने तुरंत कदम उठाते हुए सुरक्षा बल तैनात किए और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास शुरू कर दिए।

प्रशासन ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी बोर्ड दोबारा लगाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पहल से स्पष्ट संदेश गया कि अब जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों पर कोई भी समझौता नहीं होगा। दादरी, शाहपुर जदीद और कई अन्य गांवों से बोर्ड हटाए जाने लगे। प्रशासन ने हर कार्रवाई में आदेश और कानून का हवाला देकर लोगों को सतर्क किया।

मेरठ के गांवों में जाति लिखे स्वागत बोर्ड एक आम प्रथा बन चुके थे। इन बोर्डों ने महापुरुषों की जाति दर्शाने के नाम पर विवाद पैदा किया। प्रारंभिक दौर में प्रशासन की लापरवाही ने स्थिति को और जटिल बना दिया। दादरी गांव का मामला इसका प्रमुख उदाहरण है, जहां विवाद बढ़ने से पहले कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

अब आदेश के बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाई है और सभी विवादित बोर्ड हटाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी तरह के विवाद से पहले ही निपटा जा सके।

रविवार को गुर्जर महापंचायत को रोकने की कोशिश के दौरान हिंसक घटनाएं सामने आईं। कुछ युवकों ने पुलिस पर पथराव किया और कानून-व्यवस्था को भंग करने का प्रयास किया।



इस हिंसा के आरोप में 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें मुख्य आरोपी अभिनव मोतला भी शामिल हैं। इस घटना में एक उप निरीक्षक और एक कांस्टेबल घायल हुए। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया।

### अभिनव मोतला के आह्वान पर हुआ था पंचायत का आयोजन

कपसाड़ गांव के स्वागत बोर्ड पर सम्राट मिहिर भोज के नाम के आगे 'क्षत्रिय' लिखा था। इसी के विरोध और समर्थन के मुद्दे को लेकर अभिनव मोतला ने गुर्जर स्वाभिमान पंचायत बुलाने का आह्वान किया।

उन्होंने सोशल मीडिया और गांव-गांव संपर्क के माध्यम से लोगों को 21 सितंबर को दादरी में पंचायत में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों ने इस पंचायत का समर्थन नहीं किया और घटना स्थल पर उपस्थित नहीं हुए।

### दादरी पहुंचने पर पुलिस की कार्रवाई

अभिनव मोतला और उनके समर्थक दादरी पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें गांव में प्रवेश नहीं दिया। इस दौरान कुछ युवकों ने पुलिस पर पथराव किया। सुरक्षा बल ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा और घायल पुलिसकर्मियों का उपचार कराया गया। घटना के दौरान गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कि स्थिति और बिगड़े नहीं।

### गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई

धारा 147, 148, 149, 332, 353 और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। 22 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अभिनव मोतला, विशाल, रविंद्र सिंह, मोहित, अनिल कुमार सहित सभी आरोपी जेल भेजे गए। सोमवार को दादरी गांव में शांति का माहौल रहा, प्रशासन ने ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए सतर्कता बढ़ा दी।

### सांसद चंद्रशेखर ने सोशल मीडियो पर दी प्रतिक्रिया, किया लंबा पोस्ट

नगीना सांसद चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया पर लंबा पोस्ट लिखा और हाईकोर्ट तथा सरकार के आदेश पर गहरी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह आदेश जातिवाद को जड़ से मिटाने में सक्षम नहीं है और सरकार केवल कागजी कार्रवाई कर रही है। सांसद ने यह भी कहा कि केवल बोर्ड हटाने या जाति आधारित रैलियों पर रोक लगाना पर्याप्त नहीं है।

### नगीना सांसद ने उठाई ये मांग

सांसद चंद्रशेखर ने सरनेम हटाने, ट्रांसफर-पोस्टिंग, सरकारी इंटरव्यू और ठेकों में जाति आधारित भेदभाव पर रोक लगाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने चेताया कि यदि आदेश केवल कागजी खानापूर्ति बने तो कमजोर तबके के लोग प्रभावित होते रहेंगे। भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी जैसी संस्थाएं जातिवाद को जड़ से मिटाने और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए लगातार संघर्ष कर रही हैं।

## सपा छात्रसभा के रामलखन जिलाध्यक्ष और विश्वजीत बने महासचिव

**पडरौना , एजेंसी।** सपा छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष ने मंगलवार को कुशीनगर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की सूची जारी की है। इसमें जिलाध्यक्ष के साथ ब्लॉक अध्यक्षों का नाम घोषित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष की तरफ से जारी जिला कार्यकारिणी में रामलखन यादव को जिलाध्यक्ष और विश्वजीत चौधरी को जिला महासचिव नामित किया गया है। इसी तरह राजदीप यादव, इमरान सिद्दीकी, विवेक कुमार यादव, सरफराज अंसारी, विशाल बिट्टू, असलम अंसारी, धर्मेंद्र, विकास सिंह पटेल, दिनेश यादव, शुभम पांडेय व मयंक को जिला उपाध्यक्ष और धनेश यादव को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। सोनू, निलेश यादव, साकिब खान, अतुल यादव, निहाल तिवारी, राजन पांडेय, इरफान आलम, वकील कुमार, ललित कुमार, राज अंसारी, ईश्वरचंद्र यादव, अमन कुशवाहा, अमित प्रताप, संदीप कुमार को जिला सचिव, सूचित निषाद, विवेक गुप्ता, देवराज यादव, सद्दाम को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा प्रदीप शर्मा को पडरौना, साहेब अलाम को रामकोला, निलेश कुशवाहा को खड्डा, शैलेंद्र यादव को हाटा, राहुल कुमार को फाजिलनगर, विकास यादव को सेवरही, आफताब आलम को कसया विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष, विनीत दीक्षित को पडरौना, अनीश यादव को रामकोला, अभय सिंह को मोतीचक, उबैदुल्लाह को कप्तानगंज, कृष्णा यादव को नेबुआ नौरंगिया, अभी सिंह को सेवरही, अनीश यादव को तमकुही, प्रदीप को खड्डा, फिरोज आलम को हाटा, अंकित को कसया, उपेंद्र को दुदही, विजय गौतम विशनपुर, राजकुमार को फाजिलनगर और सतीश कुमार सुकरौली ब्लॉक अध्यक्ष नामित किया गया है।

# मानवता की मिसाल: हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम समुदाय को दान की लाखों की जमीन

## शव दफनाने के लिए होते थे परेशान

**आजमगढ़, एजेंसी।** आजमगढ़ के सगड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित रामनगर गांव में पांच हिंदू भाइयों ने आपसी सौहार्द और इंसानियत की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के लिए प्रेरणा बन गई है। इन भाइयों ने लगभग 30 लाख रुपये मूल्य की जमीन मुस्लिम समुदाय को कब्रिस्तान के लिए दान कर दी है।

यह जमीन हाजीपुर गांव के पास स्थित है, जहां अब तक मुस्लिम समुदाय के पास शवों के दफन के लिए कोई स्थायी भूमि नहीं थी। समुदाय के लोग हर बार रसूलपुर गांव के कब्रिस्तान में अनुमति लेकर शवों को दफनाने के लिए मजबूर थे।

इसे देखते हुए रामनगर निवासी राकेश सिंह, अखिलेश सिंह, सुधाकर सिंह, दिनेश सिंह और ओंकार सिंह ने मिलकर यह सराहनीय फैसला लिया। जब हाजीपुर निवासी मुनव्वर अहमद ने राकेश सिंह को इस समस्या से अवगत कराया, तो उन्होंने अपने भाइयों से विचार-विमर्श कर यह मानवीय निर्णय लिया।



मुनव्वर अहमद ने कहा कि हमारे पास खुद की कोई जमीन नहीं थी, हर बार शवों के दफन के लिए अनुमति मांगनी पड़ती थी। राकेश सिंह ने जब हमारी परेशानी सुनी, तो तुरंत समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया और भाइयों से वार्ता कर यह कदम उठाया।

मुस्लिम समुदाय ने की तारीफ

राकेश सिंह और उनकी पत्नी मालती सिंह, जो अपना दल (एस) से जुड़े हुए हैं, स्थानीय राजनीति में सक्रिय हैं। मालती सिंह सगड़ी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की एक मजबूत नेता मानी जाती हैं।

हालांकि, कुछ लोगों ने इस कदम को राजनीति से जोड़ने की कोशिश की, लेकिन राकेश सिंह ने कहा कि हम नहीं चाहते कि इस नेक काम को किसी राजनीतिक चश्मे से देखा जाए। यह सिर्फ और सिर्फ इंसानियत और भाईचारे का मामला है।

इस घटना ने साबित कर दिया कि धर्म से ऊपर इंसानियत होती है, और जब समाज के लोग एक-दूसरे का हाथ थामते हैं, तो हर मुश्किल आसान हो जाती है।

## डॉक्टर से वसूली करने वाला फर्जी आईपीएस गिरफ्तार

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷

थाना देहलीगेट पुलिस व स्वॉट/सर्विलांस/ क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त टीमों द्वारा मास्टरमाइंड़ फर्जी आईपीएस अधिकारी बनकर डॉक्टर को धमकाकर छल से बसूले गये रुपयों में से दो लाख दस हजार रुपये बरामद किये गये हैं।

एक अज्ञात व्यक्ति डा. सचिन शर्मा जिसका आर्थो मास्टर आफ फिजियो थैरेपी का क्लीनिक प्रिन्स नगर कालोनी मैलरोज थाना क्षेत्र देहलीगेट पर शाम के समय लगभग छह बजे आया। उस समय डा. सचिन वर्मा के पितायोगेन्द्र शर्मा क्लीनिक पर बैठे थे उस अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने को सीआईडी में आईपीएस अधिकारी बताया। एवम योगेन्द्र शर्मा को यह कहते हुए कि आप फर्जी क्लीनिक चलाते है।

आपकी बहुत शिकायत है इस प्रकार भयभीत कर दस लाख रूपये नकद व जेवरात लेकर चला गया। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना देहलीगेट पर मुकद्दमा पंजीकृत किया गया।

घटना का अनावरण करने हेतु स्वॉट/सर्विलांस/ क्रिमिनल इंटेलीजेंस विगं व थाना देहलीगेट की संयुक्त टीमों द्वारा आने जाने का राश्ता व अज्ञात व्यक्ति के



वृन्दावन होटल में रूकने के दौरान दाखिल किये गये आईडी आदि से घटना करने वाले अज्ञात अभियुक्त की शिनाख्त स्मिथ सेठी पुत्र अभिराम सेठी निवासी नया पल्ली जनपद खुर्दा राज्य उड़ीसा के रूप में हुई जिसकी गिरफ्तारी हेतु जिला श्तर पर गठित पुलिस टीमों द्वारा वांछित अपराधी शातिर मास्टरमाइन्ड़ स्मिथ सेठी पुत्र अभिराम सेठी निवासी नयापल्ली जनपद खुर्दा राज्य उड़ीसा को आज दिनांक 24.09.2025 को बारह बीघा मैदान में तालाब के पास से समय 02.10 बजे गिरफ्तार कर वादी मुकदमा को आईपीएस बताकर भयभीत करके लिये गये रूपयों में से 02 लाख 10 हजार रूपये बरामद किये गये ।

पूछताछ पर शातिर ने बताया कि उसने साढ़े पाँच लाख रूपये ही लिये थे, कोई जेवरात नहीं लिया था । शेष तीन लाख चालीस हजार रूपये मैंने इस्कॉन मन्दिर, बाँके बिहारी मन्दिर, बालाजी मन्दिर वृन्दावन, पुष्कर बृह्मा टेम्पल राजस्थान, खाटूश्याम मन्दिर राजस्थान, केला देवी राजस्थान, द्वारिकाधीश मन्दिर मथुरा में दान कर दिये थे।

## चुनाव में निविरोध नवनिर्वाचित की प्रबंधकारिणी

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷

रतन प्रेम डीएवी बालिका इण्टर कालिज सोसाइटी की प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन चुनाव अधिकारी संकेत गर्ग चार्टड एकाउन्टेन्ट द्वारा कराया गया।

चुनाव में निविरोध नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी समिति में अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त, सचिव मधु गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह सोलंकी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार वार्ष्णेय दवाई वाले, उपसचिव राजेन्द्र प्रसाद जैसवाल, कोषाध्यक्ष मोहित वार्ष्णेय, अंकेक्षक विनोद कुमार गुप्ता एवं सदस्य पद पर मनोज कुमार अग्रवाल, सुबोध कुमार, विशाल वार्ष्णेय, राजेन्द्र वार्ष्णेय चुने गये।

विद्यालय में प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका चौरसिया सहित विद्यालय परिवार ने नव निर्वाचित प्रबन्धकारिणी का माल्यापर्ण कर स्वागत किया।

## पहली बार रावण का पुतला रिमोट के इशारे पर लगायेगा ठहाका

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷

शहर के अचलताल स्थित रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला महोत्सव में विजयादशमी पर इस बार रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतले खास होंगे। पहली बार रावण का पुतला रिमोट के इशारे पर ठहाका लगाएगा। प्रभु श्रीराम का तीर लगते ही रावण की आंखों से अंगारे निकलेंगे और नाभि से खून की धार बहेगी।

रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतले जोरदार ठहाके लगाने के साथ ही चारों ओर अपनी गर्दन भी घुमाएंगे। उनकी गर्जना से पूरा मैदान गूंज उठेगा। तीनों पुतलों की ढाल भी घूमती दिखाई देगी। इसके बाद नयनाभिराम आतिशबाजी भी होगी। इन पुतलों को तैयार करने में करीब आठ लाख रुपये का खर्च आएगा। नुमाइश मैदान में पुतले तैयार करने का काम जनपद बुलंदशहर के कोतवाली डिबाई क्षेत्र के गांव दानपुर का एक मुस्लिम परिवार कर रहा है। अशफाक ठेकेदार की एक साथ तीन पीढ़ियां अपने परिवार के 10 सदस्यों के साथ पिछले दो सप्ताह से रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतले तैयार करने में जुटे हैं। अशफाक ने बताया कि उनका परिवार पुरखों के जमाने से पुतले बनाने का काम कर रहा है। जब वह दस वर्ष के थे, तब से ही पुतला बनाने का काम कर रहे हैं। अलीगढ़ में वह दसवीं बार पुतले तैयार कर रहे हैं। वह मुंबई, गुजरात और दिल्ली आदि राज्यों में रावण आदि के पुतले तैयार कर चुके हैं। अशफाक ने बताया कि इस बार महंगाई काफी बढ़ चुकी है। इससे खर्चा अधिक आ रहा है। इन पुतलों के अलावा सोने की लंका तैयार करने का भी ठेका मिला है। नयनाभिराम आतिशबाजी भी होगी।

उन्होंने बताया कि रावण का पुतला 65 फीट, कुंभकरण 55 फीट व मेघनाद का पुतला 50 फीट का होगा। जिले भर में 400 से अधिक स्थानों पर होगा रावण के पुतलों का दहन होगा। शहर में नुमाइश मैदान, नगला तिकोना-चंदनिया, कुंवरनगर, नगला बरौला, भमोला में रावण के पुतले का दहन होगा।

## नैनो प्रयोग से लागत में कमी और उपज में वृद्धि: संयुक्त कृषि निदेशक

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷

इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा ओजोन क्लब में आलू उत्पादक कृषकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त कृषि निदेशक अलीगढ़ मंडल श्रवण कुमार ने की।

कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक अरुण कुमार चौधरी, उप निदेशक कृषि रक्षा डॉ. सतीश कुमार मलिक, जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र सिंह चौधरी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक नागेंद्र पाल सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र अध्यक्ष डॉ0 अनन्त कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 अशरफ अली, मुख्य वैज्ञानिक डॉ. आनंद कुमार सहित 100 से अधिक प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इफको क्षेत्रीय प्रबंधक बी.के. निगम ने किया।

वैज्ञानिकों ने नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के प्रयोग से लागत घटाने और उपज की गुणवत्ता बढ़ाने पर विश्तृत जानकारी दी। डॉ0 आनंद कुमार ने कहा कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से पारंपरिक उर्वरक की मात्रा आधी करके भी बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है। डॉ0 अशरफ अली ने विभिन्न फसलों में रोग एवं कीट प्रबंधन की जानकारी साझा की।

क्षेत्रीय प्रबंधक बी.के. निगम ने नैनो तकनीक को भूमि, जल और वायु प्रदूषण कम करने का कारगर उपाय बताया। सहायक आयुक्त नागेंद्र पाल सिंह ने सहकारी समितियों के माध्यम से उर्वरक वितरण और सदस्यता महाअभियान में सहभागिता का आह्वान किया।

संयुक्त कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने नैनो को "भविष्य का उर्वरक" बताते हुए कहा कि उर्वरक का प्रयोग केवल आवश्यकता अनुसार ही किया जाए। उन्होंने कार्बन क्रेडिट, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं कृषि के नए आयामों पर कृषकों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में संजय सिंह, सतीश तोमर सहित अनेक कृषक एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## मिलावट और नकली औषधियों के खतरे, सर्तक हो आमजन: डीएम

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷

जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन की जिला श्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है।

सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता बनाए रखने, मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने और उपभाक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विश्तार से चर्चा हुई।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए। उपभोक्ताओं को मिलावट और नकली





औषधियों के खतरे के प्रति सतर्क करने के लिए प्रचार-प्रसार तेज करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने सभी कोल्ड स्टोरेज एवं आंगनबाड़ी केंद्रों समेत सभी खाद्य इकाईयों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए।

बैठक का संचालन करते हुए सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा दीनानाथ यादव ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 1829 निरीक्षण करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थो के एकत्रित 560 नमूनों के सापेक्ष 323 जॉच रिपोर्ट प्राप्त हुंई जिसमें 134 अधोमानक, 36 असुरक्षित व 04 मिथ्याछाप पाये गये।

न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा 184 वाद निर्णीत कर 70,56,500 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। इसके साथ ही मिलावटी दूध की बिक्री रोकने के लिए 119 निरीक्षण, 23 छापे व 53 दूध के नमूनें एकत्रित किये गये। 45 रिपोर्टो में 28 नमूनें अधोमानक व 6 असुरक्षित पाये गये। न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा 44 वाद निर्णित करते हुए 14 लाख 60 हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष 8 प्रशिक्षण आयोजित कर 240 खाद्य कारोबारियों को प्रमाणित किया गया। 50 स्थानों पर 2546 खाद्य कारोबारियों एवं 57 विद्यालयों में 3856 विधार्थियों को कैंप के माध्यम से जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि एफएसएसएआई द्वारा दिल्ली में आयोजित ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता में जिले को 2023 में देश में 111 व प्रदेश में 11 वीं रैंक मिली थी वहीं 2024 में जिला देश व प्रदेश में क्रमश 48 वें एवं 5वें स्थान पर रहा।

बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, जिला आबकारी अधिकारी अधिकारी डी0के0 गुप्ता, डीपीआरओ यतेन्द्र सिंह, डीएचओ शिवानी तोमर, जिलाध्यक्ष कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोशिएशन शैलेन्द्र सिंह टिल्लू, उद्यमी चन्द्र शेखर शर्मा समेत अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अबरार-हसरंगा ने सेलिब्रेशन कॉपी करके एक-दूजे को चिढ़ाया

## बॉलर पर भड़के पाकिस्तानी कप्तान, बाउंसर से फखर का हेलमेट टूटा,श्रीलंका की 5 विकेट से हार

**अबु धाबी (एजेंसी)।** एशिया कप में मंगलवार को पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच सुपर-4 मैच खेला गया, जिसे पाकिस्तान ने 5 विकेट से जीता। इस लो-स्कोरिंग मैच में पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद और श्रीलंकाई ऑलराउंडर के बीच जमकर तकरार देखने को मिली। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा रिव्यू गंवाने के बाद अपने ही गेंदबाज पर भड़क गए। इन सब के बीच दुष्मंथा चमीरा की बाउंसर फखर जमान के हेलमेट पर लगी। इससे उनका हेलमेट टूट गया और उन्हें हेलमेट बदलना पड़ा। ऐसे ही कुछ टॉप मोमेंट्स ने अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले को और रोचक बना दिया था



**दसुन शनाका टी-20 इंटरनेशनल 14 बार शून्य पर आउट** - श्रीलंकाई बैटर दसुन शनाका टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा 14 बार शून्य पर आउट होने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने रवांडा के केविन इराकोज (13 बार) का रिकॉर्ड तोड़ा।

**कुसल मेंडिस पहली बॉल पर पवेलियन लौटे** - अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही श्रीलंकाई टीम ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। उसके ओपनर कुसल मेंडिस अपनी पहली बॉल पर पवेलियन लौट गए। उन्हें शाहीन शाह अफरीदी ने तलत हुसैन के हाथों कैच कराया।

### अबरार ने हसरंगा को उन्हीं के सेलिब्रेशन से चिढ़ाया

13वें ओवर की पहली बॉल पर अबरार अहमद ने वानिंदू हसरंगा को क्लीन बोल्ड कर दिया। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी स्पिनर ने हसरंगा को उन्हें के सेलिब्रेशन से चिढ़ाया। वे अपने दोनों हाथों के कंधे के पास ले गए और मुट् ?ठी बांधकर हिलाते हुए सेलिब्रेट किया। जैसे कि हसरंगा अपने विकेट सेलिब्रेट करते हैं। यहां पर श्रीलंकाई टीम ने छठा विकेट गंवाया। हसरंगा 15 रन बनाकर आउट हुए।

### रिव्यू गंवाने के बाद अबरार पर भड़के सलमान

पाकिस्तानियों ने 15वें ओवर की 5वीं बॉल पर चमिका करुणारत्ने के खिलाफ एलबीडब्ल्यू की अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नकार दिया। अबरार अहमद के जोर देने के कप्तान सलमान आगा ने रिव्यू मांगा ।रिप्ले देखने से पता चला कि बॉल न तो बल्लेबाज के बैट से लगी और न ही पैड से। वीडियो में दिखा की बॉल करुणारत्ने के हाथ से लगकर उछली थी। ऐसे में पाकिस्तान को विकेट तो नहीं मिला, टीम ने एक रिव्यू जरूर गंवा दिया। ऐसे में कप्तान सलमान अबरार अहमद पर भड़क गए। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने अबरार अहमद के कहने पर रिव्यू लिया था।




# पंचकूला में सीएम सैनी ने किया खेल महाकुंभ का शुभारंभ

## दूसरे चरण में 10 हजार खिलाड़ी जुटेंगे; पैरालिंपिक पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**पंचकूला (एजेंसी)।** हरियाणा में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 का दूसरे चरण का बुधवार (24 सितंबर) को सीएम नायब सैनी ने शुभारंभ किया। खेल महाकुंभ 26 सितंबर तक पंचकूला के सेक्टर 3 में स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान खेल मंत्री गौरव गौतम बतौर विशिष्ठ अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहे। सीएम नायब सैनी ने खेल महाकुंभ के दूसरे चरण के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रदेश में 1489 खेल नर्सरियां खोली गई हैं। इन खेल नर्सरियों में 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिसमें 8-14 साल तक के खिलाड़ियों को 1500, 15-19 वर्ष के खिलाड़ियों को 2000 रुपए प्रति माह की सहायता प्रदान की जा रही है। इन खेल नर्सरियों में प्रशिक्षकों को 25 हजार मानदेय दिया जाता है।

- **खिलाड़ियों के लिए 550 पद सृजित** - सीएम नायब सैनी ने कहा कि हमने हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021 बनाकर 550 नए पद सृजित किए हैं। अब तक 224 खिलाड़ियों को विभिन्न श्रेणियों की नौकरी भी दी गई हैं। प्रदेश सरकार के द्वारा अब 641 करोड़ रुपए की इनाम राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा- 15 हजार 634 खिलाड़ियों को खेल के उपकरण भी सरकार की तरफ से किए गए प्रदान हैं। गत वर्ष पेरिस पैरालिंपिक में देश ने 29 पदक जीते, जिनमें से 8 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते थे। पदक जीतने वाले इन खिलाड़ियों को 42 करोड़ रुपए की नकद राशि दी गई है।
- **प्रदेश में हो चुके 5 खेल महाकुंभ** - सीएम नायब सैनी ने कहा कि खेल महाकुंभ की शुरुआत हरियाणा के स्वर्ण जयंती वर्ष 2017 में हुई। अब तक प्रदेश में 5 खेल महाकुंभ का सफल आयोजन हो चुका है। 2 अगस्त से 4 अगस्त तक चले खेल महाकुंभ के 26 खेलों में प्रदेश के कुल 15 हजार 410 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आज इसके दूसरे चरण में 9 हजार 959 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बल्कि यह अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास की सबसे श्रेष्ठ पाठशाला हैं।

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग-

# भारत चारों कैटेगरी में टॉप पर बरकरार

### लगातार दूसरे हफ्ते इंडिया टॉप टीम

### ● अभिषेक बैटर, वरुण बॉलर्स, हार्दिक ऑलराउंडर्स में नंबर-1

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में लगातार दूसरे हफ्ते भी बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में भारतीय खिलाड़ी टॉप पर बरकरार हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर मौजूद है।

पिछले सप्ताह ही सभी चारों कैटेगरी में भारत का दबदबा बना था। ऐसा पहली बार हुआ कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फॉर्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया।

वरुण चक्रवर्ती टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बने हुए हैं। बैटर अभिषेक शर्मा नंबर-1 पर बरकरार हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं।

**अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार** - बैटर्स में भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप स्टेज के मुकाबले में 38 और रविवार को पाकिस्तान के 74 रन की पारी खेली थी। उनके अलावा, तिलक वर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुच गए हैं।

### टी-20 बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | अभिषेक शर्मा | भारत | 907 |
| 2 | फिल सॉल्ट | इंग्लैंड | 844 |
| 3 | तिलक वर्मा | भारत | 791 |
| 4 | जोस बटलर | इंग्लैंड | 785 |
| 5 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 771 |
| 6 | सूर्यकुमार यादव | भारत | 729 |
| 7 | पाथुम निसांका | श्रीलंका | 728 |
| 8 | टिम साइफर्ट | न्यूजीलैंड | 725 |
| 9 | टिम डेविड | ऑस्ट्रेलिया | 676 |
| 10 | डेवाल्ड ब्रेविस | साउथ अफ्रीका | 674 |

### टी-20 ऑलराउंडर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | हार्दिक पंड्या | भारत | 238 |
| 2 | मोहम्मद नबी | अफगानिस्तान | 231 |
| 3 | सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे | 212 |
| 4 | दीपेंद्र सिंह ऐरी | नेपाल | 209 |
| 5 | सईम अयूब | पाकिस्तान | 201 |
| 6 | रोस्टन चेज | वेस्टइंडीज | 196 |
| 7 | वनिंदू हसरंगा | श्रीलंका | 190 |
| 8 | रोमारियो शेफर्ड | वेस्टइंडीज | 183 |
| 9 | लियम लिविंगस्टन | इंग्लैंड | 181 |
| 10 | मार्कस स्टोयनिस | ऑस्ट्रेलिया | 179 |

### वरुण चक्रवर्ती टॉप बॉलर

बॉलर्स रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती टॉप पर बने हुए हैं। 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन जारी है। फिलहाल उनका रेटिंग पॉइंट 747 हो गया है। वरुण ने पिछले सप्ताह ही नंबर-1 पोजीशन हासिल की थी। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के जैकब डफी हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान छह स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में वापस आ गए हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप में अपने पिछले दो मैचों में छह विकेट लिए हैं।

### ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंड्या पहले नंबर पर

भारतीय स्टार हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद 12 स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। फिलहाल उनकी रेटिंग पॉइंट्स 703 है।

# आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट को किया सस्पेंड

## टी-20 वर्ल्ड कप और एलए 2028 ओलिंपिक में अमेरिकी टीमें खेलती रहेंगी




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** यूएसए क्रिकेट (यूएसएसी) को नियम तोड़ने की वजह से आईसीसी (इंटरनेशनल क्रिकेट) ने निलंबित कर दिया है। इसका मतलब है कि यूएसएसी अब आईसीसी की पूर्ण सदस्यता के अधिकारों का उपयोग नहीं कर पाएगा। हालांकि, अमेरिका की क्रिकेट टीमें आईसीसी के टूर्नामेंट और 2028 ओलिंपिक की तैयारियों में हिस्सा ले सकेंगी। आईसीसी अब यूएसएसी को सुधार करने का मौका देगा और इसकी निगरानी करेगा, ताकि भविष्य में निलंबन हटाया जा सके। यह कदम क्रिकेट को अमेरिका में और मजबूत करने और इसकी छवि को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है।अमेरिका ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के कुछ मैचों की मेजबानी की थी।

### टीम पर क्या असर पड़ेगा

- आईसीसी ने साफ किया कि निलंबन का असर अमेरिकी टीम की भागीदारी पर नहीं पड़ेगा।
- फरवरी 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में अमेरिका की टीम खेल सकेगी।
- लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में भी अमेरिका की पुरुष और महिला टीमें हिस्सा ले पाएंगी।
- आईसीसी अस्थायी रूप से अमेरिकी राष्ट्रीय टीमों के प्रबंधन और संचालन की जिम्मेदारी खुद संभालेगा।
- निलंबन खत्म करने के लिए अमेरिका क्रिकेट को क्या करना होगा

### इसीलिए हुआ निलंबन

- आईसीसी ने एसएसी को पहले 2024 की वार्षिक आम बैठक में गैर-अनुपालन के लिए नोटिस पर रखा था। स्रष्ट को अपनी कमियों को सुधारने के लिए 12 महीने का समय दिया गया था। जुलाई 2024 में आईसीसी सदस्यों ने एसएसी को 'नोटिस' पर बनाए रखने और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने तथा शासन सुधार करने का निर्देश दिया था। आईसीसी के अनुसार, यूएसएसी पर इन कारणों से लगाया गया है बैन।
- प्रशासनिक ढांचे की कमी- यूएसएसी एक कार्यात्मक शासन संरचना लागू करने में विफल रहा।
- यूएस ओलिंपिक और पैरालंपिक समिति के साथ राष्ट्रीय शासी निकाय का दर्जा प्राप्त करने में प्रगति की कमी। यूएसएसी ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए।
- क्रिकेट की छवि को नुकसान- एसएसी के कुछ कदमों ने अमेरिका और वैश्विक स्तर पर क्रिकेट की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया।

# दिग्गज अंपायर 'डिकी' बर्ड का हुआ निधन

## तीन वर्ल्ड कप फाइनल में की थी अंपायरिंग

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे करियर में 66 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था।

यॉर्कशर काउंटी क्लब ने यहां जारी बयान में कहा, ''यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को बड़े दुख के साथ यह घोषणा करनी पड़ रही है कि क्रिकेट के सबसे चहेते लोगों में से एक हेरोल्ड डेनिस 'डिकी' बर्ड एमबीई ओबीई का 92 वर्ष की आयु में अपने घर पर निधन हो गया। उन्होंने कहा, '' वह अपने पीछे खेल भावना, विनम्रता



और खुशी की विरासत के साथ कई पीढ़ियों के प्रशंसकों की एक फौज छोड़ गये हैं। बर्ड का यॉर्कशर के साथ लंबे समय तक जुड़ाव रहा। उन्होंने 1956 में इस काउंटी के साथ अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की और 1964 में करियर समाप्त होने तक 93 मैचों में 3,314 रन बनाए। इसमें दो शतक भी शामिल हैं।

क्लब ने कहा, ''इस समय यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब में हर किसी की संवेदनाएं डिकी के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। क्लब में सभी लोग उन्हें बहुत याद करेंगे क्योंकि उन्होंने यहां सभी के समर्थन में अविश्वसनीय रूप से बहुत समय बिताया। उन्हें यॉर्कशर के इतिहास के सबसे महान इंसान में से एक के रूप में याद किया जाएगा। बर्ड को 1986 में क्रिकेट में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एमबीई और 2012 में ओबीई से सम्मानित किया गया था।

उन्होंने हमवतन दिवंगत डेविड शेफर्ड (2009 में निधन) के साथ मैदान पर अंपायरिंग की खास जोड़ी बनाई। बर्ड अपने फैसलों की सटीकता और अपनी खास आदतों के कारण दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के बीच काफी लोकप्रिय थे।

# वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड, शानदार 70 रनों की पारी में लगाए 6 छक्के

**ब्रिस्वेन (एजेंसी)।** भारत के 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 मैच में दर्शकों को मैदान पर खींच ला रहे हैं। आईपीएल 2025 के बाद सूर्यवंशी ने 24 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऐसा करते हुए उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट वन-डे में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया।




पिछला रिकॉर्ड भारत के अंडर-19 विश्व कप 2012 विजेता कप्तान उन्मुक्त चंद के नाम था, जिन्होंने 38 छक्के लगाए थे। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन क्रमशः 30 और 22 छक्कों के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। वहीं इस बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी के अब 10 मैचों में 41 छक्के हो गए हैं। वह एकदिवसीय क्रिकेट में लगभग 13 गेंदों पर एक छक्का लगाते हैं।

मैच में सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत के बाद तेज गति पकड़ी। पिछले मैच में 33 रनों की छोटी पारी खेलने के बाद सूर्यवंशी की शुरुआत धीमी रही क्योंकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान आयुष म्हात्रे दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए। सूर्यवंशी ने चौथे ओवर में अपना पहला चौका लगाया। एक समय वह 29 गेंदों पर 10 रन बनाकर खेल रहे थे।

नौवें ओवर में जॉन जेम्स को मैदान पर उतारा गया और सूर्यवंशी ने उन्हें बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर छक्का जड़ा। 12वें ओवर में सूर्यवंशी ने हेडन शिलर की गेंद पर दो छक्के लगाए।

# युवराज सिंह से ईडी ने 7 घंटे पूछताछ की

## सट्टेबाजी एप प्रमोशन केस में पूछे सवाल; बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद को भी समन




**जालंधर (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह मंगलवार दोपहर 12.15 बजे दिल्ली के ईडी ऑफिस पहुंचे। यहां अधिकारियों ने शाम साढ़े 7 बजे तक उनसे ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में पूछताछ की। कुछ दिन पहले युवराज सिंह को जांच एजेंसी ने दिल्ली स्थित दफ्तर में पेश होने के लिए समन भेजा था। युवराज सिंह के अलावा एक्ट्रेस अन्वेशी जैन से भी पूछताछ की गई। युवराज सिंह से पहले ईडी शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, सुरेश रैना और हरभजन सिंह से पहले ही पूछताछ कर चुकी है। बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद को भी 24 सितंबर को पेश होने का समन भेजा गया है।

# मप्र-मिनी ब्राजील में 4 पीढ़ियां फुटबॉलर, 5 बच्चे जाएंगे जर्मनी

## शहडोल के प्लेयर्स को विदेशी कोच देंगे ट्रेनिंग; मां बोलीं- हम खुश, बेटा हवाईजहाज में बैठेगा

**भोपाल (एजेंसी)।** म.प्र.शहडोल के विचारपुर गांव के 5 खिलाड़ी जर्मनी में फुटबॉल की ट्रेनिंग लेंगे। इनमें 3 लड़के और 2 लड़कियां शामिल हैं। मध्य प्रदेश के 'मिनी ब्राजील' कहे जाने वाले विचारपुर गांव के 5 खिलाड़ी जर्मनी में फुटबॉल की ट्रेनिंग लेंगे। 2 अक्टूबर को ये सभी भोपाल से दिल्ली के लिए रवाना होंगे और वहां से जर्मनी जाएंगे। इनके साथ महिला कोच भी रहेंगी। जो खिलाड़ी सिलेक्ट हुए हैं, उनमें 3 लड़के और 2 लड़कियां शामिल हैं। दरअसल, शहडोल जिले के आदिवासी बाहुल्य गांव विचारपुर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिनी ब्राजील नाम दिया है। करीब 800 की आबादी वाले इस गांव में 60 नेशनल फुटबॉल प्लेयर्स हैं। पीएम मोदी ने सबसे पहले रेडियो प्रोग्राम मन की बात में विचारपुर का जिक्र किया था। उसके बाद अमेरिकी पॉडकास्ट होस्ट लेक्स फ्रीडमैन से बातचीत के दौरान भी यहां के खिलाड़ियों के बारे में बताया। पीएम के बार-बार विचारपुर का जिक्र करने के बाद जर्मनी के फुटबॉल कोच डायटमार बेयर्सडॉर्फर ने यहां के 5 बच्चों को प्रशिक्षण देने की इच्छा जताई थी।

**ग्राम पंचायत के ग्राउंड पर प्रैक्टिस करते हैं** - विचारपुर गांव में न तो फुटबॉल का कोई स्टेडियम है, न ही कोई फुटबॉल सिखाने वाली एकेडमी। यहां के बच्चे गांव के बुजुर्गों को देखकर ही फुटबॉल खेलना सीखे हैं। सीनियर कोच अनिल सिंह रेलवे में नौकरी करते हैं।

वे कहते हैं कि जब भी समय मिलता है, बच्चों को फ्री ट्रेनिंग देने आता हूं। इसी तरह इस गांव से निकले 10-12 कोच हैं, जो यहां बच्चों को ट्रेनिंग देने आते हैं। मैंने खुद भी



पंचायत के इस ग्राउंड में प्रैक्टिस की है। मेरा 3 साल का बेटा भी यहीं खेलता है। वो चौथी पीढ़ी का खिलाड़ी है। अनिल सिंह बताते हैं कि गांव के मुरलीधर कुण्डे और उनके भाई सुरेश कुण्डे ने 80 के दशक में फुटबॉल खेलना शुरू किया था।

**23 साल पहले नेशनल गेम्स में खेलना शुरू किया** - अनिल सिंह ने कहा- उस समय इस ग्राउंड में शाम के 6 बजे के बाद कोई आना पसंद नहीं करता था। ये शराबियों का अड्डा हुआ करता था। गांव तक पहुंचने के लिए सड़कें-लाइट कुछ नहीं था। कुण्डे भाइयों ने युवाओं को फुटबॉल से जोड़ा। सुरेश कुण्डे से लेकर हमारी पीढ़ी तक के खिलाड़ी स्टेट और नेशनल गेम्स के बारे में नहीं जानते थे। हम लोग स्थानीय स्तर पर टूर्नामेंट आयोजित करते थे। एक बार विचारपुर की टीम का मैच दूसरी तहसील में हुआ। वहां के पीटी टीचर रईस अहमद ने देखा कि टीम में सीनियर खिलाड़ियों के साथ छोटे बच्चे भी खेल रहे हैं। उन्होंने बच्चों पर ध्यान दिया। उन्हें ट्रेनिंग दी। इसके बाद उन्होंने बच्चों को स्कूलों से जोड़कर स्टेट और नेशनल गेम्स खिलाए। हमारे गांव के खिलाड़ियों ने पहली बार साल 2002 में पहला नेशनल गेम खेला था। आज हालात ये हैं कि बच्चों के अंदर फुटबॉल को लेकर जुनून है।

**मां बोली- खुश हैं कि बेटा विदेश जाएगा** - वीरेंद्र का घर विचारपुर के खेल मैदान से करीब 300 मीटर दूर जंगल में है। मीडिया से मां सुनीता बाई ने कहा- गांव के लड़के फुटबॉल खेलते थे, तो मेरा बेटा भी उनके साथ जाकर खेलने लगा। हम भी उसे भेज देते थे।